Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

माँ शैलपुत्री

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

माँ शैलपुत्री

वर्ष: 6 अंक: 261 | सोमवार, 22 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोदी सरकार का देशवासियों को त्योहारों से पहले तोहफा

# आज से नई जीएसटी शुरू

**नई दिल्ली।**

जीएसटी की नई दरें कल 22 सितंबर से लागू होने वाली है, जिसके तहत रोजमर्रा की चीजों के दामों में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। इसका असर बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। जीएसटी सुधार का असर बिहार से सबसे प्रसिद्ध धार्मिक त्योहार छठ पूजा और दिवाली से ठीक पहले आया है। इन जीएसटी सुधारों को पीएम मोदी ने 'खुशियों का डबल धमाका' करार दिया है। नए जीएसटी दरों से नवरात्रि पर मां दुर्गा की मूर्तियों और छठ पूजा के लिए अन्य सामग्री जैसे सूप, दउरा और पूजन सामग्री सस्ती होने की पूरी संभावना है। दिवाली और छठ पूजा से पहले जीएसटी दरें कम होने से लोगों को अधिक खरीदारी करने का मौका मिलेगा, जिससे त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक बढ़ेगी। रोजमर्रा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी से बिहार में आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 न केवल आम लोगों की जेब पर बोझ कम करेगा, बल्कि यह छठ और दिवाली जैसे पवित्र त्योहारों को और खास बनाएगा। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस सुधार को लागू करना भाजपा की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि यह कदम बिहार के मतदाताओं को लुभाने में मदद करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां छठ पूजा का व्यापक प्रभाव है। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) पूरे भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर एकल अप्रत्यक्ष कर है। यह उत्पाद शुल्क, वीएटी और सेवा कर जैसे कई करों की जगह लेता है, जिससे एक एकीकृत बाजार का निर्माण होता है। जीएसटी परिषद् की सिफारिश के अनुसार, नई जीएसटी दरें 22 सितंबर 2025 से लागू होंगी। इस तारीख से, जीएसटी परिषद के निर्णयों के आधार पर, कई वस्तुओं और सेवाओं पर संशोधित जीएसटी दरें लागू होंगी। इन बदलावों का उद्देश्य दरों को सरल बनाना, विसंगतियां दूर करना और व्यवसायों व उपभोक्ताओं दोनों के लिए प्रणाली को आसान बनाना है। नहीं। जीएसटी पंजीकरण की सीमाएं वही रहेंगी। केवल कुछ आपूर्तियों पर टैक्स की दरों में संशोधन किया जा रहा है। दरों में बदलाव से पहले जारी किए गए ई-वे बिल अपनी पूरी अवधि के लिए वैध रहते हैं। वैध ई-वे बिल के साथ पहले से ही चल रहे माल के लिए 22 सितंबर के बाद नए बिल की जरूरत नहीं है। यदि दरों में बदलाव की तारीख पर मेरे पास पहले से ही स्टॉक है, तो क्या मुझे आपूर्ति पर संशोधित दर लागू करनी चाहिए? हां। जीएसटी आपूर्ति की तिथि पर लगाया जाता है, खरीद की तिथि पर नहीं। इसलिए, भले ही स्टॉक पहले खरीदा गया हो, 22 सितंबर को या उसके बाद की गई किसी भी आपूर्ति पर नई दरें लागू होंगी। यह छूट सभी व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी पर लागू होती है, जिनमें टर्म प्लान, एंडोमेंट पॉलिसी और यूएलआईपी शामिल हैं। इन निजी पॉलिसियों का पुनबीर्मा भी छूट के दायरे में आता है।



### पीएम मोदी ने कहा

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 न केवल आम लोगों की जेब पर बोझ कम करेगा, बल्कि यह छठ और दिवाली जैसे पवित्र त्योहारों को और खास बनाएगा। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस सुधार को लागू करना भाजपा की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि यह कदम बिहार के मतदाताओं को लुभाने में मदद करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां छठ पूजा का व्यापक प्रभाव है।



## 'दिल्ली में कानून व्यवस्था ध्वस्त, खुलेआम बिक रही ड्रग्स'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की भाजपा सरकार को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा है। आप नेता दुर्गेश पाठक ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि दिल्ली में खुलेआम नशा बिक रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पार्कों में नशे के इंजेक्शन लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के नारायणा गांव समेत कई पार्कों में नशे के इंजेक्शन मिल रहे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार, एमसीडी और उपराज्यपाल भाजपा के अधीन होने के बावजूद नशे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## 'स्मॉग ईटिंग' से साफ होगी हवा



**नई दिल्ली।**

पर्यावरण विभाग ने राजधानी में लगातार प्रदूषित होती जा रही हवा को साफ करने के लिए एक नई योजना तैयार की है। हवा से नाइट्रोजन ऑक्साइड (ठड2) और हाइड्रोकार्बन जैसी हानिकारक गैसों और प्रदूषकों को कम करने के लिए ₹धुआँ-खाने वाली₹ प्रकाश उत्प्रेरक सतहों का इस्तेमाल किया जाएगा। ये टाइटेनियम ऑक्साइड-आधारित सतहें सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर सक्रिय हो जाएँगी और रासायनिक रूप से प्रतिक्रिया करके जैविक कचरे को विघटित कर देंगी। परीक्षण अगले छह महीनों तक जारी रहेगा। यदि परिणाम अनुकूल रहे, तो पूरी दिल्ली में कार्यान्वयन के लिए कैबिनेट के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यावरण विभाग ₹धुआँ-खाने वाली₹ प्रकाश उत्प्रेरक सतहों पर केंद्रित एक व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर अध्ययन से यह साबित होता है कि ये ₹धुआँ–खाने वाली₹ सतहें प्रभावी और किफायती हैं, तो विभाग तुरंत कैबिनेट के समक्ष एक प्रस्ताव पेश करेगा ताकि इन्हें बड़े पैमाने पर व्यस्त सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जा सके और जनता को स्वच्छ हवा मिल सके। छात्रों, स्टार्टअप्स और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भागीदारी का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा, ₹सबसे अच्छे विचार सामने लाएँ, सरकार उनका परीक्षण करेगी, कारगर विचारों को वित्त पोषित करेगी और उन्हें पूरे शहर में लागू करेगी ताकि हर परिवार स्वच्छ हवा में साँस ले सके।

## दिल्ली में एक साल से बायोडायवर्सिटी काउंसिल नहीं, अधर में लटका पीबीआर




**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी में जैव विविधता संरक्षण के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। विडंबना यह है कि इस मुद्दे पर सरकारी तंत्र की गंभीरता इसी बात से जाहिर होती है कि दिल्ली जैव विविधता परिषद लगभग एक साल से पुनर्गठन का इंतजार कर रही है। पर्यावरण और वन विभाग, दोनों ही इस मामले में उदासीन बने हुए हैं। 11 सदस्यीय दिल्ली जैव विविधता परिषद का गठन पहली बार 1 नवंबर, 2021 को जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत किया गया था। प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री प्रो. सी.आर. बाबू को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यह तीन वर्षीय कार्यकाल 2024 में समाप्त हुआ। तब से, किसी ने भी परिषद के पुनर्गठन की जहमत नहीं उठाई। नई सरकार के गठन के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। बताया जाता है कि पहली परिषद की भी अपने तीन साल के कार्यकाल में केवल तीन बैठकें हुई। एक व्यक्तिगत और दो वर्चुअल थीं। इन बैठकों के दौरान राष्ट्रीय जैव विविधता परिषद को अनुमोदन के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किए गए, लेकिन किसी को भी मंजूरी नहीं मिली। इस दौरान परिषद को बजट में एक रुपया भी नहीं मिला। जैव विविधता परिषद का उद्देश्य अपने क्षेत्र में वनों, वनस्पतियों और जीवों का संरक्षण, उनके आवासों की रक्षा, लोककथाओं और जैव विविधता संबंधी ज्ञान का दस्तावेजीकरण और जन जैव विविधता रजिस्टर (पीबीआर रिकॉर्ड) बनाना था।

## भारत ने पाकिस्तान को फिर चटाई धूल

**नई दिल्ली।**

एशिया कप-2025 में पिछले रविवार 14 सितंबर को मिली हार और उसके बाद हुए घटनाक्रम को देखते हुए पाकिस्तानी टीम इस रविवार को बदले की आगे लेकर उतरी थी। उसने बल्लेबाजी में अच्छा खेल दिखाकर टीम इंडिया को 172 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर भी दिया। इसके बाद अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की तूफानी पारियों ने पाकिस्तान की बदले की आग के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में छह विकेट की हार देकर ठंडा कर दिया। भारत ने टारगेट 18.4 ओवरों में चार विकेट खोकर हासिल करते हुए पाकिस्तान को एक बार फिर धूल चटाई। ये हार पाकिस्तान के जख्मों पर नमक की तरह है। पहले मैच में टीम इंडिया के हाथ न मिलाने के बाद पाकिस्तान ने अपनी पावर दिखाने की काफी कोशिश की और उसकी हर कोशिश नाकाम हुई। इसके बाद उसके पास एक ही चारा बचा था और वो था इस मैच को जीतना। पाकिस्तानी खिलाड़ी इस काम को भी अंजाम नहीं दे सके। 10 ओवरों में ही भारत का स्कोर 100 के पार था और उसके दोनों ओपनर क्रीज पर थे। अभिषेक अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। गिल अपना अर्धशतक पूरा करने के करीब थे तभी फहीम अशरफ ने 10वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्हें पवेलियन भेज दिया। गिल ने 28 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 47 रन बनाए। सूर्यकुमार इस मैच में तीन गेंदों पर बिना खाता खोले आउट हो गए। हारिस राऊफ ने उन्हें 11वें ओवर की तीसरी गेंद पर अबरार अहमद के हाथों कैच कराया। अभिषेक अपनी तूफानी बैटिंग से पाकिस्तान के लिए परेशानी बने हुए थे। 13वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने अबरार पर जोरदार छक्का मारा। हालांकि, अगली ही गेंद पर वह हारिस रऊफ के हाथों लपके गए। उन्होंने 39 गेंदों पर छह चौके और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाने में सफल रहे। संजू सैमसन को भी रऊफ ने पवेलियन की राह दिखाई।




### अभिषेक और गिल ने उड़ाया गर्दा

पाकिस्तान का घमंड तो अभिषेक शर्मा ने शाहीन शाह अफरीदी द्वारा फेंके गए पहले ओवर की पहली ही गेंद पर छक्का मार तोड़ दिया था। अभिषेक यहां से रुके नहीं। गिल ने भी उनका साथ दिया और तेजी से रन बनाए। अफरीदी की गेंदों की गिल ने भी जमकर धुनाई की। सैम अयूब और अबरार अहमद की फिरकी भी इन दोनों को रोक नहीं सकी।

## दक्षिण लेबनान में इस्राइल ने किया ड्रोन हमला, पांच की मौत

**नई दिल्ली।**


इस्राइल-हिज्बुल्लाह संघर्ष और तेज हो गया है। सोमवार को इस्राइल ने लेबनान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में हवाई हमले किए, जिसमें तीन बच्चों समेत 5 लोग मारे गए। इस्राइल लगातार हिजबुल्लाह और उसके सहयोगियों को निशाना बना रहा है। इसी क्रम में अब उसने दक्षिण लेबनान में रविवार को हुए ड्रोन हमले किए। इन हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले को लेकर जानकारी दी है। संसद अध्यक्ष नबीह बेरी ने बताया कि मृतकों में बच्चों के पिता भी शामिल हैं, जिनके पास अमेरिकी नागरिकता थी। इस हमले में घायल दो लोगों में मृतक की पत्नी भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिकी दूतावास से अभी हमले में मारे गए अमेरिकी नागरिक को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब हिज्बुल्लाह को निशस्त्र करने की अंतरराष्ट्रीय मांग तेज हो रही हैं। नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के बाद से इस्राइल लगभग रोजाना दक्षिणी लेबनान में हमले कर रहा है।



## पीएम मोदी आज अरुणाचल और त्रिपुरा के दौरे पर

**ईटानगर।**

पीएम मोदी अपने दौरे के दौरान मोदी तवांग में 145.37 करोड़ रुपये की लागत से पीएम-डेवाइन योजना के तहत बनाए गए एक कन्वेंशन सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। 1,500 से अधिक लोगों को समायोजित करने की क्षमता वाला यह कन्वेंशन सेंटर वैश्विक मानकों को पूरा करेगा और इस क्षेत्र में पर्यटन और सांस्कृतिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर रहेंगे। वह ईटानगर में 5100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह त्रिपुरा में पूजा अर्चना कर माताबाड़ी में माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी सोमवार सुबह करीब 9 बजे होलोंगी के डोनी पोलो हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से ईटानगर के राजभवन जाएंगे। इसके बाद वह इंदिरा गांधी पार्क जाएंगे, जहां वह विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे। विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने और निरन्तर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं तातो-1 और हेओ जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जो दोनों शियॉमी जिले में यारजेप नदी पर विकसित की जाएंगी। हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट) और तातो-1 जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश के सियोम उप-बेसिन में बनाई जाएंगी। तातो-1 परियोजना को अरुणाचल प्रदेश सरकार और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) मिलकर 1,750 करोड़ रुपये की लागत से विकसित करेंगे।



**5100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का देंगे तोहफा**

## संपादक की कलम से

# चिंता की बात

सऊदी अरब और पाकिस्तान के साइन की डील पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्ट्रैटिजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट हुआ है। इसके मुताबिक, किसी एक के प्रति दिखाई गई आक्रामकता दूसरे के खिलाफ भी मानी जाएगी, कुछ वैसा ही समझौता जैसा नैटो के सदस्य देशों के बीच है। भले कहा जा रहा हो कि यह समझौता पाकिस्तान और सऊदी अरब के लंबे ऐतिहासिक रिश्तों का परिणाम है, लेकिन भारत के लिए यह डिवेलपमेंट चिंता बढ़ाने वाला है। बढ़ता सहयोग : सऊदी अरब खाड़ी में भारत के करीबी सहयोगियों में से एक है। व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा सहयोग समेत कई क्षेत्रों में दोनों के बीच पिछले दो दशकों में संबंध गहरे हुए हैं– खासकर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के दौर में नई तरह की गर्मजोशी देखने को मिली है। पीएम नरेंद्र मोदी इस साल अप्रैल में ही अपने तीसरे सऊदी दौरे पर गए थे, जहां दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी थी। सबसे बड़ी आशंका : केवल सऊदी ही नहीं, क्षेत्र के दूसरे देशों के साथ भी भारत का सहयोग बढ़ रहा है। वअए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है और ओमान व कतर के साथ बात चल रही है। लेकिन, सऊदी अरब–पाकिस्तान समझौते से इस क्षेत्र में भारत की कोशिशों को झटका लग सकता है। चार महीने पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़ा संघर्ष हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉर्डर पर अब भी तनाव है। ऐसे में यह आशंका दरकिनार नहीं की जा सकती कि भारत और पाकिस्तान के तनाव में इस समझौते की वजह से सऊदी अरब भी पार्टी बन जाए। इस्राइल का असर : समझौते का एक और अहम एंगल है, हाल में इस्राइल ने कतर की राजधानी दोहा पर एयर स्ट्राइक कर हमास के नेताओं को निशाना बनाने का प्रयास किया था। इसे लेकर मुस्लिम वर्ल्ड में काफी गुस्सा है। इस हमले के बाद दोहा में इस्लामिक देशों का आपातकालीन शिखर सम्मेलन बुलाया गया था, जहां यह चर्चा भी उछली कि क्या नैटो जैसा कोई संयुक्त सुरक्षा बल बनाया जा सकता है। अब दूसरे मुस्लिम देश भी इस तरह के समझौते की संभावना टटोल सकते हैं। सऊदी से बात : इस रक्षा समझौते से पूरे क्षेत्र में असंतुलन पैदा हो सकता है। भारत ने कहा है कि वह इसके असर को देखेगा। सरकार को अपनी चिंताओं को लेकर सऊदी अरब से खुलकर बात करनी चाहिए। ध्यान रखना होगा कि यह समझौता किसी भी तरह से नई दिल्ली–रियाद संबंधों के आड़े न आए।



ललित शर्मा
संपादक



उदय किशोर साह

## हाँ मैने तुमसे इकरार है किया

कविता

हमें देख कर तेरा ये कटु मुस्कुराना
नजरें मिल जाने पे नजरें को झुकाना
चेहरे को आँचल में शर्म से छुपाना
मिलन पे नाज नखरे लाख दिखाना
ये तेरी अदा हमें बेकरार है बनाया
हाँ प्यार में तुमसे इकरार लिखाया

राहोँ पे नागिन की चाल से बल खाना
गेसुओं को हवा में पुरवाई संग लहराना
राही को अपनी अदा से दीवना बनाना
चाँद सी सूरत को बदरी में छिप जाना
ये तेरी अदा हमें बेकरार है बनाया
हाँ प्यार में तुमसे इकरार है लिखाया

हिरणी की तरह तेरा गुलशन में इतराना
अल्हड़ नदियों की तरह बहते ही जाना
फिजां में मस्ती की फुहार बिखराना
बदन से चन्दन की सौरभ महकाना
ये तेरी अदा हमें बेकरार है। बनाया
हाँ प्यार में तुमसे इकरार है। लिखाया

सज धज कर तेरा महफिल में आना
तीर नजरों से घायल कर रूलाना
प्यार में बेसब्री का नजराना चुकाना
कयामत की कहर दिल पे है गिराना
ये तेरी अदा हमें बेकरार है बनाया
हाँ प्यार में तुमसे इकरार है। लिखाया

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मां शैलपुत्री को गाय के दूध में बनी खीर का भोग प्रिय

शारदीय नवरात्रि 2025 विशेष



2025 शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस पूजा से आत्मा की शुद्धि के साथ आध्यात्मिक शक्ति की प्राप्ति होती है। मां शैलपुत्री शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। जो भी भक्त पूरे मन से उनकी पूजा करता है उसके जीवन में स्थिरता और सुख की प्राप्ति होती है।

## मां शैलपुत्री पूजन विधि

**स्नान और पवित्रता :** सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें।
**कलश स्थापना :** नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसमें देवी दुर्गा की उपस्थिति को आमंत्रित किया जाता है।
मां शैलपुत्री की पूजा : मां शैलपुत्री की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें।
पुष्प और अक्षत : मां शैलपुत्री को पुष्प और अक्षत अर्पित करें।
दीप और धूप : दीप और धूप जलाएं और मां शैलपुत्री की आरती करें।
मंत्र जाप : मां शैलपुत्री के मंत्र ₹ॐ देवी शैलपुत्र्यै नम :₹ का जाप करें।
भोग : मां शैलपुत्री को भोग लगाएं और प्रसाद के रूप में वितरित करें।

## मां शैलपुत्री के मंत्र

मूल मंत्र : ॐ देवी शैलपुत्र्यै नम :
वंदना मंत्र : वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखराम्। वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम।

## भोग की सामग्री

गाय के दूध से बनी खीर, जिसमें चीनी, इलायची, साबूदाना या मखाना डाला जाता है। सफेद मिठाई जैसे रसगुल्ला, मलाई बर्फी या मिश्री का भी भोग लगा सकते हैं। भोग के लिए गाय के घी का इस्तेमाल करें। मां को सफेद फूल और सफेद वस्त्र अर्पित करना शुभ माना जाता है।


## मां शैलपुत्री का महत्व

मां शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं और उनकी पूजा से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक शक्ति की प्राप्ति होती है। वह शक्ति और साहस का प्रतीक हैं और पूजा से जीवन में स्थिरता और सुख की प्राप्ति होती है।

# शारदीय नवरात्रि 2025 - गज पर सवार होके आजा शेरांवालिए - शेरावालिए मां ज्योतावालिए



गोंदिया



वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं।भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है,यह हम आज इसलिए कह रहे हैं,क्योंकि 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष सितंबर-अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियों में मनाए जाते हैं। ज्योतिषीय गणना में कभी- कभी तिथियों की वृद्धि या क्षय होता है। 2025 में चतुर्थी तिथि दो बार आ रही है,जिसके कारण यहनवरात्रि 10 दिन की मानी जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इस स्थिति में पूजा-विधान में किसी प्रकार की कमी नहीं होती,बल्कि इसे और अधिक शुभ और मंगलकारी माना जाता है। भक्तों के लिए यह अतिरिक्त दिन साधना और देवी उपासना का अवसर है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हुँ कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का विराट पर्व है।शारदीय नवरात्रि वर्ष में आने वाली चार नवरात्रियों में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है।इस बार 2025 की शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर, सोमवार से प्रारंभ हो रही है और 1 अक्टूबर तक चलेगी।सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस बार नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 10 दिनों की होगी, क्योंकि चतुर्थी तिथि की वृद्धि (अधिमास) के कारण एक अतिरिक्त दिन जुड़ रहा है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर पृथ्वी पर आ रही हैं, जो समृद्धि, शांति और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में देवी का हाथी पर आगमन कृषि समृद्धि, वर्षा की प्रचुरता और सामाजिक संतुलन का द्योतक है।यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है।इस अवधि में कठोर व्रत रखा जाता है अपनी- अपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनी मनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।कुछ वर्षा साथ सुख शांतिसमृद्धि लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 के स्थान पर 10 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, शारदीय नवरात्रि 2025-गज पर सवार होके आजा शेरांवालिएं- शेरावालिएं मां ज्योतावालि एं नवरात्रि अब केवल भारत का त्योहार नहीं रहा, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया है। शारदीय नवरात्रि पर्व याद दिलाता है कि महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की रक्षक और ऊर्जा का स्त्रोत भी है। साथियों बात अगर हम इस बार 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इसबारशारदीय नवरात्रि की शुरूआत सोमवार से हो रही है और जब सोमवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा उत्सव कष्टों से मुक्ति,सुख समृद्धि का संकेत देता है। वैसे तो अलग-अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है।इसके अलावा गुरुवार याशुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरूआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे।वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं।

मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है,जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है। साथियों बात अगर हम नवरात्रि के प्रत्येक दिन की देवी और पूजा को समझने की करें तो (1)प्रथम दिन-शैलपुत्री,पर्वतराज हिमालय की पुत्री, शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक।(2)द्वितीय दिन- ब्रह्मचारिणी - तप, संयम और भक्ति की देवी। (3) तृतीय दिन-चंद्रघंटा-शौर्य और साहस का स्वरूप (4) चतुर्थी- कूष्मांडा- सृष्टि की अधिष्ठात्री, उर्जा की देवी।(5) पंचमी- स्कंदमाता- मातृत्व और करुणा का प्रतीक।(6) षष्ठी-कात्यायनी-युद्ध और साहस की अधिष्ठात्री।(7)सप्तमी - कालरात्रि-भय को नष्ट करने वाली शक्ति।(8)अष्टमी- महागौरी - शुद्धता और मोक्ष की देवी।(9) नवमी- सिद्धिदात्री-सिद्धियों की अधिष्ठात्री।10)दशमी-विशेष पूजन (विजयादशमी)-दुर्गा विसर्जन, शक्ति की विजय और जीवन में संतुलन।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर ध्वजारोहण और माता की चौकी का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** नवरात्रि का शुभारंभ और भी खास होने जा रहा है, क्योंकि प्रथम दिवस पर श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चंपा कुंवरी धर्मशाला, गांधी समाधि रोड पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जयंती के शुभ अवसर पर महाराज अग्रसेन जी का माल्यार्पण, ध्वजारोहण और भव्य माता की चौकी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्रों से अग्रबंधु बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आस्था और एकता का परिचय देंगे। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को उत्सव का दिव्य अनुभव मिल सके। अध्यक्ष प्रवेश कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिन अग्रसेन जयंती का आयोजन किया जाता है यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक संख्या में अग्रबंधु एकत्र होकर इस उत्सव की गरिमा को और बढ़ाएंगे। महामंत्री डॉ अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को समानता, सहयोग और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनकी जयंती पर हम सबको उनके आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री दीपक जिंदल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन त्याग, सेवा और परोपकार का प्रतीक है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। जिस प्रकार महाराजा अग्रसेन जी ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर समानता का संदेश दिया, उसी तरह युवाओं को भी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। युवाओं की ऊर्जा और समर्पण ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। इस भव्य आयोजन में शामिल होकर श्रद्धालु जहां महाराजा अग्रसेन जी को पुष्प अर्पित करेंगे, वहीं माता की चौकी में भजन-कीर्तन और मां की आराधना से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। कहा जा सकता है कि नवरात्रि का शुभारंभ इस बार आस्था, संस्कृति और एकता के संगम के साथ होगा, जो रामपुर के इतिहास में एक यादगार पल बनकर दर्ज होगा। इस मौके पर संरक्षक प्रमोद कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, पवन कुमार जैन, विनोद कुमार अग्रवाल, महामंत्री अजय कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ सुमित कुमार गोयल, उपाध्यक्ष शरद कुमार गुप्ता, गिरिराज सरन, मंत्री ईश्वर शरण अग्रवाल, ऑडिटर सौरभ अग्रवाल, भंडार मंत्री सचिन कुमार सिंघल बाबू भाई आदि मौजूद रहे।

# सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी के कॉन्फ्रेंस हाल में प्राचीन पांडुलिपियों एंव पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रामपुर की ऐतिहासिक सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी के कॉन्फ्रेंस हाल में प्राचीन पांडुलिपियों एंव पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर के प्रमुख समाज सेवी द न्यू अर्बन कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सलामत अली खां गुड्डू ने फीता काट कर किया।

प्राचीन पांडुलिपियों, समाचार पत्रों एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी में लाइब्रेरी के संग्रह में शामिल कुरान पाक के विभिन्न अनमोल नुस्खों के साथ ही मसनवी मौलाना रोम, शरहे अबुल फजल फरहांग बहार दानिश, शरहे गुलिस्तान सादी, शरहे कसाईद बदर, शरहे सिकंदर नामा, फखरे अल मुतल्लेमीन, तारीख बगावत हिंद, अनवार सहेली, शजरा नवाबीन रामपुर, तजकरा कामीलाने रामपुर के अतिरिक्त अल ब्लाग, हमदर्द, दबदबा सिकन्दरी, कॉमरेड, कंदील, नाजिम आदि समाचार पत्रों की फाइले मौजूद रहीं। ये प्रदर्शनी सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस मौके पर सचिव लाइब्रेरी डा. अदनान जियाई, मौलाना मोहम्मद असलम जावेद कासमी, डा. शायर उल्ला खां, खलील अहमद खां, डा. सैयद अनवार उल हसन, डा. मेहंदी हसन, जीशान मोहम्मद खां मुराद, असरार हसन खां, अदनान नाजिम, अतीक जीलानी, जफर सूखनेन, नासिर खां अलीग, रिजवान अहमद सिद्दीकी, खलीक निशा, फहीमा बी, फारुख नईम, जुबैर शाह खां, सैयद अकरम मियां, सायम अली खां, लाइब्रेरियन मजहर मोइन खान, शहजादा रिजवान खान, इरफान उर रहमान खान, इशरत अली आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय प्रगतिशील किसान संघ की बैठक का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** लज्जावती पेट्रोल पंप संस्थान पर राष्ट्रीय प्रगतिशील किसान संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुरुषोत्तम सिंह एवं संचालन संजीव चौधरी लज्जावती पेट्रोल पंप वालों ने किया। बैठक में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में संस्थान के स्वामी संजीव चौधरी ने कहा कि संगठन के उद्देश्यों से सभी लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज में अनेक प्रकार के संगठन कार्य कर रहे हैं किंतु फिर भी लोगों को संगठनों से वह प्राप्त नहीं हो रहा है जो होना चाहिए। इसीलिए इस संगठन का गठन किया गया है। यह संगठन समाज में उन बिंदुओं पर कार्य करेगा जिन बिंदुओं को अन्य संगठनों द्वारा छुआ तक नहीं जाता है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सिंह, सुधीर त्यागी, जितेंद्र चौधरी, लोकेंद्र पाल सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप सिंह, इत्यादि ने संगठन के कार्यों की प्रशंसा की और अपने सुझाव रखें संजीव चौधरी ने अवगत कराया की महीने के प्रथम सप्ताह में मेरे संस्थान पर ही बैठक का आयोजन होता रहेगा और समाज के प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा।

# रामलीला महोत्सव के छठे दिन भक्ति, संस्कृति और मनोरंजन का अनोखा संगम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहा श्रीरामलीला महोत्सव रविवार को अपने छठे दिन एक अद्भुत दृश्य का गवाह बना। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन की त्रिवेणी में डूबे हजारों दर्शकों ने भक्ति रस का ऐसा आनंद लिया, जिसने पंडाल के हर कोने को जीवंत कर दिया। सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन का आरंभ हुआ। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी निकुंज लीलाओं का चित्रण हुआ तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने तालियों की गूंज से माहौल जीवंत किया, वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति भाव से नम हो उठीं। शाम ढलते ही मंच सजा रंगीन रोशनियों और भक्ति संगीत से। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने ऐसा अद्भुत प्रदर्शन किया कि पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। अहिल्या उद्धार, गंगोत्पत्ति, जनकपुरी प्रवेश, नगर दर्शन, पुष्प वाटिका और गौरी पूजन जैसे प्रसंगों को जिस भव्यता और सजीवता से प्रस्तुत किया गया, उसने दर्शकों के दिलों में आस्था और भक्ति की लहरें दौड़ा दीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, सीए के. एम. टंडन और अमृत कपूर मौजूद रहे। कमेटी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। छठे दिन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल भक्ति रस से सराबोर किया, बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी बढ़ा दी। रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हो रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# सीरत उन नबी प्रतियोगिता 2025 का परिणाम नजीबाबाद प्राइवेट आई टी आई में घोषित किया गया




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद होप वेलफेयर सोसायटी द्वारा नजीबाबाद के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की एक प्रीतियोगी परीक्षा 7 सितम्बर को एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी जिसमे 527 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसका आज परिणाम घोषित किया गया जिसमे प्रथम पुरस्कार कासमीया इंटर कालेज के छात्र मोहम्मद हुजैफा ने हासिल किया जिसको दस हजार रुपये ट्राफी और सर्टिफिकेट से नवाजा गया, द्वितीय पुरस्कार कासमीया इंटर कालेज की छात्रा आलिया कौसर ने हासिल किया जिसको 7500/- ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिया गया, तृतीय पुरस्कार नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा अलकमा फसीहा ने हासिल किया जिसको पांच हजार रुपये प्रमाणपत्र ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# भारतीय मजदूर किसान यूनियन की बैठक हुई संपन्न भारतीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सोनू आदित्य



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। रविवार 21 सितंबर को भारतीय मजदूर किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलू शाह श्री नामदेव धर्मशाला शिव मंदिर में संपन्न हुई इस दौरान किसानों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल और बैठक का सफल संचालन मास्टर मदन गोपाल टोंक द्वारा किया गया।बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नवीन पाल व अवनी चौहान जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर किसान यूनियन बिजनौर का स्वागत सोनू आदित्य द्वारा फूल माला पहनकर किया गया। बैठक में सोनू आदित्य को प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर किसान यूनियन की जिम्मेदारी भारतीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल के द्वारा सोपी गई इस दौरान मास्टर मदन गोपाल टोंक को जिला सलाहकार बिजनौर, अनुज शर्मा को जिला सचिव बिजनौर, दुष्यंत गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बिजनौर ,नादिर खान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर ,राकेश कुमार को तहसील सचिव बनाया गया है ।सभी पदाधिकारीयों को पद व गोपनीयता की शपथ यूनियन के अध्यक्ष नवीन कुमार पाल द्वारा दिलाई गई। इस दौरान भारतीय मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल ने सभी पदाधिकारीयों से यूनियन को मजबूत करने और किसान यूनियन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार रहने को कहा। यूनियन गरीब मजदूर किसान भाइयों की आवाज समय-समय पर उठती रहती है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार पाल ,जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान, सोनू आदित्य, मास्टर मदन गोपाल टोंक, अनुज शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, राकेश कुमार, नादिर खान, शिवांश नामदेव, वासु नामदेव, रुद्र आदित्य आदि उपस्थित रहे।

# भुईयार समाज की बैठक आयोजित



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

नूरपुर- भुईयार समाज उत्थान समिति की एक बैठक नूरपुर के गांव हसुपुरा मे देवराज भुईयार के आवास पर आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नूरपुर क्षेत्र के अध्यक्ष कैलाश भुईयार व संचालन महामन्त्री बिजेंद्र सिंह भुईयार ने किया। बैठक मे बिजनौर से पहुंचे समिति के संस्थापक राजपाल भुईयार ने जिला मुख्यालय पर भुईयार धर्मशाला भूमि क्रय हेतु समाज के व्यक्तियो से विचार-विमर्श किया। समिति के जिला महामन्त्री वलजीत सिंह ने धर्मशाला भूमि क्रय हेतु सभी से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। बैठक मे कार्यवाहक अध्यक्ष बलवंत सिंह,कार्यवाहक सदस्य सुरेश कुमार, प्रचार मन्त्री शेर सिंह, संगठन मन्त्री भोपाल सिंह, प्रेमचंद भुईयार, प्रवेन्द्र भुईयार, विजयपाल, हरपाल भुईयार आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा नंगली छोइया में लगा स्वास्थ्य कैम्प

**वेलकम इंडिया : विपिन शर्मा**



**बिजनौर :** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा ग्राम नंगली छोइया के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। कैम्प का शुभारंभ रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर व ग्राम प्रधान राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कैम्प में आर बी एस हल्दौर की टीम डा अरविन्द तोमर, एएनएम नीति, ओप्ट्रोमेट्रिस्ट सलीम व अनुराग, 156 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र परीक्षण कर दवा व चश्मा वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक राहिला व शिक्षक व रेडक्रास सोसायटी की बाइस चेयरमैन रचना कपूर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम व रेडक्रास सोसायटी की टीम का स्वागत किया गया। शुभारंभ से पूर्व स्कूल के बच्चों द्वारा विद्यालय में प्रवेश से पूर्व ही अनूठे ढंग से रेडक्रास के पदाधिकारियों का स्वागत किया । इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ सुबोध चन्द्र शर्मा, योगेन्द्र पाल सिंह योगी, डॉ विशाल, शूरवीर सिंह, अनुज पाठक आदि रहे।

# कई दशकों से नहीं बनी सड़क ग्रामीण परेशान

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम अकबरपुर चौगावा मे एक सड़क कई दशकों से नहीं बनी जिससे सड़क पर चलना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार नजीबाबाद चौक बाजार से होती हुई अकबरपुर चौगावा, मलूक वाली, भोगपुर ,बिजौरी ,नयागांव सहित आपस में यह सड़क दर्जनों गांवों को नजीबाबाद शहर से जोड़ती है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते यह सड़क कई दशकों से नहीं बनी है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं । ग्राम मलूक वाली भोगपुर बिजौरी आदि गांव के ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं इसी रोड से होकर निकलते हैं जिससे उनका इस रोड से होकर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा है। अब इन गांवों के छात्र-छात्राएं पांच किलोमीटर लंबा सफर करके नजीबाबाद विद्यालय में पहुंच रहे हैं। जिससे छात्र-छात्राओं का काफी समय बर्बाद हो रहा है। कई बार स्थानीय नागरिकों ने जनप्रतिनिधि एवं पीडब्ल्यूडी विभाग से इस सड़क को बनाने का अनुरोध भी किया परंतु आज तक यह सड़क नहीं बन पाई स्थानीय विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा इस सड़क को दो बार कार्य योजना में सम्मिलित किया गया था ।परंतु उनका भी प्रयास सफल नहीं हो पाया, और आज तक यह सड़क नहीं बन पाई यह सड़क लगभग पांच सौ मीटर लंबी है। जो ज्यादा ही खराब स्थिति में है इस सड़क का दो सौ मीटर का भाग ग्राम प्रधान द्वारा पिछले साल बनवा दिया गया था। परंतु अभी भी तीन सौ मीटर के लगभग सड़क का निर्माण होना है रविवार की सुबह दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क बनवाने के लिए सड़क पर आकर अपना विरोध प्रदर्शन किया एवं जनप्रतिनिधि और पीडब्ल्यूडी विभाग से इस सड़क को जनहित में बनवाने के लिए आग्रह किया।

# सदस्यता प्रभारी रणवीर दहिया के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया

**सिवाल खास (अनिल वशिष्ठ)।** सिवाल खास के गांव नारंगपुर पांचली बुजुर्ग और छुर में रणवीर दहिया सदस्यता प्रभारी के नेतृत्व में गया सदस्यता अभियान चलाया। त्यागी बहुल गांव नारंगपुर में वरुण त्यागी के निवास पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अशोक त्यागी ने की रणबीर दहिया सदस्यता प्रभारी सिवाल खास ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्य बन कर पार्टी को मजबूत करने की बात कही ।सचिन चौधरी युवा प्रदेश महामंत्री ने भी पार्टी के कार्यों नीतियों को आगे बढ़ाने की अपील की। मोनू ढिंडाला हमने पार्टी को किसान मजदूर की आवाज को बुलंद करने की पार्टी बताया इस मौके पर आनंद त्यागी अंकित त्यागी कृष्ण पाल जाटव जय भगवान जाटव शौकीन अली राहुल शर्मा विकास त्यागी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं सचिन चौधरी प्रदेश महामंत्री ने भी पार्टी से जुड़ने की अपील की ।

# डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री ने वीपीएल हॉस्पिटल के प्रबन्धक डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय को किया सम्मानित

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर सहित आस-पास के जिलों में स्वास्थ्य सेवा के उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यालय स्थित विनोद प्रकाश लाइफ केयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर के प्रबन्धक डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय (सर्जन) को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उनके प्रयासों और समाज के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है। वहीं वीपीएल अस्पताल सिद्धार्थनगर में मरीजों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करता है। आपको बता दें कि वीपीएल हॉस्पिटल में सर्जन डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय (हड्डी रोग विशेषज्ञ) के साथ ही डॉ0 सलोनी उपाध्याय (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ0 वरदान पाण्डेय (न्यूरोसर्जन), डॉ0 संदीप कुमार राव (जनरल फिजिशियन) और डॉ0 मोहम्मद साजिद (न्यूरोसर्जन) जैसे अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवायें देते हैं। यह हॉस्पिटल ट्रामा सेन्टर के रूप में 24*7 आपातकालीन और एम्बुलेंस सुविधायें प्रदान करता है। इसके अलावा यहां आईसीयू, एनआईसीयू और वेंटिलेटर जैसी महत्वपूर्ण जीवन रक्षक सुविधायें भी उपलब्ध हैं। वहीं मरीजों की सुविधा के लिए यहां सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, और बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) जैसे आधुनिक जांच केन्द्र भी मौजूद हैं। साथ ही साथ आयुष्मान योजना के तहत फ्री इलाज की भी सुविधा उपलब्ध है। सम्मान प्राप्त करने के दौरान डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय (सर्जन) के कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत गर्व की बात है और यह सिर्फ उनका नहीं, बल्कि विनोद प्रकाश लाइफ केयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर की पूरी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है, जिसका उद्देश्य लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना है।



# त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट:सीओ संग पुलिस कार्मियों ने किया पैदल गस्त, देखी सुरक्षा



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** नवरात्र व दुर्गा पूजा त्योहार के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। आगामी त्योहार तथा कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया।सीओ सदर( आईपीएस) विश्वजीत सौरयान व सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने भारी पुलिस बल के साथ रविवार को देर शाम सिद्धार्थनगर कस्बे मे पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया व शान्तिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। गश्त का नेतृत्व सीओ सदर आईपीएस विश्वजीत सौरयान ने किया। सीओ सदर (आईपीएस) विश्वजीत ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर तुरंत सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। विदित हो की पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ली। यह पैदल गस्त एसपी अभिषेक महाजन के आदेश पर मुख्यालय समेत जिले के सभी थाना क्षेत्रों मे पैदल गस्त निकाला गया और वाहनों की चेकिंग हुई।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय तैलीहाट में की सफाई



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** स्वास्थ्य व स्वच्छता पखवाड़े के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय तैलीहाट में सफाई की गई और बच्चों को फलों का वितरण किया गया।

ग्राम प्रधान पूजा मेहरा के नेतृत्व में महिलाओं ने विद्यालय के आसपास रास्ते की सफाई की, झाड़ियां काटी और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। बच्चों को फल वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तनुज अवस्थी, प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र तिवारी, सहायक अध्यापक मोहमद जुल्फ निसार, एसएमसी अध्यक्ष पूजा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर मेहरा आदि मौजूद थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने हरी झंडी दिखा बाइक रैली को किया रवाना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ नगर में रविवार को नवरात्री त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु प्रारंभ किए गए *मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0* के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय,पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर हुण द्वारा कलेक्ट्रेट हापुड़ से सफल बनाए जाने हेतु महिला पुलिसकर्मियों,अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निकाली जा रही जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली कलेक्ट हापुड़ से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा तिराहा,तहसील,अतरपुरा चौराहा व पक्का बाग से होकर गुजरी तो इस दौरान इतनी बड़ी पुलिस फोर्स को देखकर लोग सहम उठे और कुछ समय के लिए सड़क पर चल रहे वाहन ठहर से गए। रैली में महिला आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पुलिस की पीआरवी गाड़ियाँ व दोपहिया वाहन मिशन शक्ति के बैनर गुब्बारों से सजे थे। बता दें मिशन शक्ति 5.0 सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं बल्कि यह महिलाओं की गरिमा सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की ओर एक सामाजिक जागरूकता आंदोलन है! यह ऐतिहासिक रैली हर गली हर घर और हर दिल तक मिशन शक्ति का संदेश पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएगी। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह ने बताया कि नवरात्री त्योहार के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर हुण की उपस्थिति में महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु हापुड़ शहर में आज बाइक रैली निकाली गई है। साथ ही गढ़मुक्तेश्वर व पिलखुवा में भी बाइक रैली निकाली जाएगी।




पूरे महीने के कार्यक्रम की रूपरेखा हमने तैयार की हुई है और जनता से अपील की गई है कि महिलाओं के सम्मान व उनकी सुरक्षा में अपना योगदान दे ऐसे अपराधियों को भी सचेत करते हुए वार्निंग भी दी गई है कि महिलाओं के सम्मान,स्वावलंबन व सुरक्षा में दरकिनार करते हुए कोई अपराधिक हरकत करता है तो उनके मंसूबे पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**जोगिया/सिद्धार्थनगर। जोगिया।** कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे के पास नेशनल हाईवे पर रविवार दोपहर को बांसी के तरफ से तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। युवक दुर्गा मां की मूर्ति लेने जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि किशोरों की दुपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घायल युवकों की पहचान सोमनाथ, शंभू और हरिश्चंद्र के रूप में हुई है। तीनों ग्राम पंचायत लखनपार के निवासी हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान मौके पर पहुंचीं। उन्होंने एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की निगरानी के लिए दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चार पहिया वाहन विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहा था।

टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार वाहन की तलाश के लिए दो टीमें लगा दी हैं। इस संबंध में जोगिया कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है फिर भी फरार वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

# मंदिरों के आसपास मांस व शराब की दुकानों बंद किया जाए-पं० रविकांत शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन रविकांत शर्मा ने पावन नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि सोमवार से सम्पूर्ण भारत में नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं! महिलाओं,बच्चों और पुरुषों श्रद्धालुओ की संख्या मंदिरों में बढ़ जाएगी। नवरात्री में सभी भक्त अष्टमी और रामनवमी तक व्रत रखकर दुर्गा माता की विधि-विधान से पूजा करते हैं। यूपी सहित भारत के मंदिरों में नवरात्र को लेकर सजावट तैयार की गई है। पुलिस प्रशासन मंदिरों के आसपास सुरक्षा दुरस्त रखे,जिससे कि अप्रिय घटना नहीं हो। राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा ने कहा कि यूपी में महिलाओं के साथ हत्या, लूट व बलात्कार की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही है। यूपी कार्यकारी अध्यक्ष पंडित माया प्रकाश शर्मा ने कहा यूपी के सभी मंदिरों के आसपास मांस नॉनवेज अंडा और शराब की दुकानों को बंद किया जाए। यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने कहा कि यूपी में हर वर्ष की भाँति पावन नवरात्री को लेकर यूपी के सभी मंदिर में सजावट है। मंदिरों के आसपास मांस नॉनवेज अंडा शराब की बिक्री बंद हो।



# बेलहर विधानसभा क्षेत्र में अकटकट पार्टी के भावी उम्मीदवार मेहक अंजुम क्षेत्र कर रही दौरा



**वेलकम इंडिया**

**बांका:** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 इस बार अब कुछ ही दिन बचे है उम्मीद है अगले महीने फर्स्ट हफ्ते में ही चुनाव आयोग प्रैस कांफ्रेंस कर सकते है, बिहार में ठऊअ हो या महागठबंधन हर पार्टी अपने हर एक सीट पर कई महीनों से सर्वे कर रही है। हर पार्टी के लिए हर एक सीट अहमियत माना जा रहा है ऐसे में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। वही इस बार 2025 विधानसभा चुनाव में बेलहर विधानसभा सीट काफी सुर्खियों में है सीट पर अब अकटकट पार्टी भी क्षेत्र में ओवैसी की प्रचार शुरू कर दिया गया है। हाल ही में पार्टी में शामिल हुए मेहक अंजुम क्षेत्र में भावी उम्मीदवार के तौर पर लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही है , रविवार को असुढां पंचायत, धनुवसार पंचायत, कई गांवों और क्षेत्र का दौर की जहां अलग-अलग गांव में लोगों महिलाओं से मुलाकात की पार्टी के विचारधारा सभी तक पहुंचाया इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण किया। जिरोपहरी, सरकण्डा, लहरिया, कुरुमटांड आदि।

# श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा श्री रामलीला महोत्सव 2025 में श्री राम जी की बारात भव्य शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद हापुड़ में भव्य शोभा यात्रा श्री रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक तहसील चौपाल से फ्रीगंज रोड से रेलवे रोड होती हुई गढ़ रोड पक्का बाग पर चौपला संपन्न हुई।। शोभा यात्रा की भव्यता को देखकर दर्शकों ने खूब आनंद लिया और दर्शकों ने कहा की शोभायात्रा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे यह यात्रा स्वर्ग में भगवान की बारात को लेकर चल रही हो। दर्शकों ने बताया की ऐसा लग रहा है जैसे शोभायात्रा में स्वर्ग से सभी देवी देवताओं ने हिस्सा लिया हो। जिसमें अनेकों बैंड बग्गीया अनेकों झांकियां ढोल ताशे नगाड़े नपीरी घोड़े हाथी डीजे आदि निकाले गए श्री राम जी की बारात में आए बारातियों ने बहुत आनंद लिया बारातियों ने भगवान श्री राम व माता सीता पर फूलों की वर्षा कर भगवान श्री राम व माता सीता की आरती की राम भगवान का रथ ऐसा लग रहा था कि मानो साक्षात इंद्रदेव ने अपना वहां भेजा हो। भव्य शोभा यात्रा के दौरान श्री रामलीला समिति के प्रधान विनोद वर्मा महामंत्री उमेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष शुभम गोयल एडवोकेट वरिष्ठ उप प्रधान नवीन वर्मा को प्रधान सुरेश वशिष्ठ संरक्षक अनिल आजाद एडवोकेट रतनलाल नन्हे देवेंद्र अग्रवाल डीके रविंद्र गुप्ता मीडिया प्रभारी वरुण गोयल व विवेक सिंघल चुनना रामकुमार गर्ग नवीन गुप्ता विमल वर्मा अजय गर्ग मुर्गी दाने वाले रवि गर्ग मिलन टेंट मनीष मित्तल गौरव बजरंगी माधव वर्मा हरिप्रकाश जिंदल अभिषेक आजाद एडवोकेट रितिक त्यागी अनिल कुमार टोपी जी आदि उपस्थित रहे।

# बारह दिन नहीं खुलेंगी मीट की दुकानें, आदेश न मानने पर होगी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/कोसीकलां।** आज से शुरू हो रहे शरदीय नवरात्रों को लेकर शासन के आदेशानुसार सोमवार 22 सितंबर से शुक्रवार 3 सितंबर तक सभी मीट, मास, मछली के कटान व बिक्री पर पांबदी रहेगी। पालिका प्रशासन ने नोटिस दे कर सभी दुकानदारों को कडी चेतावनी दी है और कहा कि यदि कोई दुकानदार आदेशों का उल्लंघन करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आज 22 सितंबर से माता के शारदीय नवरात्रों प्रारंभ हो रहे, जो कि एक सितंबर तक चलेंगे और 2 अक्टूवर को गांधी जयंती मनायी जाएगी ततपश्चात 3 अक्टूवर को एतिहासिक श्रीराम भरतमिलाप मेला भी आयोजित होगा। जिसको लेकर पालिका प्रषासन ने नगर के सभी मीट विक्रेताओं को शासनादेश के अनुसार कहा कि 22 सितंबर से 3 अक्टूवर तक मीट, मास, मछली आदि की कटान एवं बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रों में व्रत का बडा ही महत्व होता है, और मां भगवती की उपासना मन में सुख शांती और संपन्नता लाती है, इसी उददेश्य से नवरात्रि में नौ दिन व्रत रखे जाते है। भक्तों की आस्था को कोई ठेस न पहुंचे इसलिए मीट की दुकानों को पूर्णतयाः बंद रखने के आदेष दुकानदारों को दिए गए है। अधिषाषी अधिकारी निहाल सिंह ने कहा कि यदि कोई दुकानदार आदेषों का उल्लंघन करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# 125 टिन अवैध लीसा ले जा रहे मिनी ट्रक वाहन के साथ कोतवाल ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** कोतवाली पुलिस कोचेकिंग अभियान के दौरान अवैध लीसे का दोहन करने वाले एक अभियुक्त को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। अवैध रूप से मुर्गियों को ढोने वाले पिकप वाहन में 125 टिन अवैध लीसा पकड़ने में सफलता मिली है।शनिवार शाम कोतवाल कैलाश नेगी अपनी टीम के साथ अमसरकोट मोटर मार्ग में चेकिंग अभियान चला रहे थे।तभी मुर्गियों को ले जाने वाले पिकप को गिरेछिना मोटर मार्ग से सोमेश्वर को जाते हुए उसे चेकिंग हेतु रोका गया। वही मुर्गी भर कर जाने वाले पिकप वाहन में वापसी खाली जाने के बजाय वाहन को त्रिपाल से ढके होने और वाहन में लोड होने की सुगबुगाहट होते ही कोतवाल कैलाश नेगी ने वाहन चालक से जरूरी जानकारी मांगी।जिस पर वह जांच के दौरान पुलिस टीम को चतुराई दिखाते हुए जल्दबाजी में होने की बात कहने हुए जांच टीम से बचने की कोशिश करने लगा।तभी कोतवाल ने वाहन में गाड़ी खाली होने के बावजूद मुर्गियों के लिए बने जाले के कंटेनरों को त्रिपाल से ढके रहने का कारण पूछा तो वह सकपका गया।जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गई तो महिंद्रा डीआई3200 वाहन संख्या यूके 01-सीए 0178 में 125 टिन अवैध लीसा भरा हुआ था।कोतवाल ने चालक से लीसे के परिवहन के लिए रमन्ना के दस्तावेज मांगे पर वह कुछ भी दस्तावेज नही दिखा पाया। जिसके बाद कोतवाल कैलाश नेगी ने वाहन को सीज कर अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र खड़क राम निवासी मल्ला पचीनिया लाखनमंडी चोरगलिया जिला नैनीताल को अन्तर्गत धारा 26/41/42/52 भारतीय वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।चालक से आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।इस दौरान पुलिस टीम में एसआई नितिन बहुगुणा, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र फलकोटी, मुख्य हमराह कांस्टेबल नरेंद्र गोस्वामी, सुरेश कुमार,मनीष गोस्वामी,जय कुमार, कुलदीप वर्माआदि मौजूद थे।



# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन समारोह

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** स्व. मेघ अग्रवाल की पुण्य स्मृति में, संयोजक श्री महेश अग्रवाल (राजस्थान ज्वैलर्स) के सौजन्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आज श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधानमंत्री सुभाष चन्द अग्रवाल ह्यह्यसिक्काह्लह्ल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर समाजहित में अत्यंत उपयोगी हैं श्री महेश अग्रवाल द्वारा विगत कई वर्षों से कल्याणं करोति के माध्यम से निरंतर नेत्र षिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस परंपरा ने न केवल हजारों नेत्र रोगियों को ज्योति प्रदान की है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की मिसाल भी कायम की है।

कल्याणं करोति पिछले चार दशकों से नेत्र स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सेवा और समाज के वंचित वर्गों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष हजारों निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन किए जाते हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को नेत्र ज्योति मिलती है। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान आने वाले समय में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। मंच का संचालन राजीव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सात्विक उपाध्याय ने कहा कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आये कुल 201 रोगियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया गया, जिसमें से 65 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विषेष चिकित्सीय टीम द्वारा की गई। सभी रोगियों के लिए दवा, चश्मा, भोजन, पलंग-बिस्तर आदि की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की गई। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, जचौदा, गोवर्धन रोड, मथुरा पर अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से मोतियाबिंद, रेटिना, ग्लूकोमा, कॉर्निया सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उच्चस्तरीय उपचार किया जाता है। संस्थान में अनुभवी चिकित्सकों की टीम प्रतिवर्ष हजारों गरीब व असहाय रोगियों को निःशुल्क अथवा उचित शुल्क दरों पर नेत्र सेवाएँ प्रदान करती है। संस्था द्वारा समाज से अपील की है कि अधिक से अधिक नेत्र रोगी कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, जचौदा, गोवर्धन रोड, मथुरा पहुँचकर समय पर अपनी जाँच व उपचार कराएँ, ताकि अंधत्व को रोका जा सके और हर व्यक्ति स्वस्थ दृष्टि का आनंद ले सके। इस अवसर पर महेष चन्द्र सर्राफ, राजस्थान ज्वैलर्स, राजीव मिश्रा, अषोक बंसल, अध्यक्ष, योगेष कुमार कागजी, उपाध्यक्ष, धीरज गोयल, संगठन मंत्री, अतुल अग्रवाल, ओडिटर, प्रचार मंत्री, अग्रवाल सभा, प्रदीप अग्रवाल, जगत बहादुर आदि विषिष्टजन उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की मौत, परिजनों ने अस्पताल पर किया जमकर हंगामा

**असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय साड़ी चौराहा स्थित आर.के. सेवा आश्रम हॉस्पिटल में रविवार देर शाम ऑपरेशन के दौरान एक प्रसूता महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत अस्पताल में ही हो चुकी थी। लेकिन डॉक्टरों ने मौत छिपाने के लिए उसे ऑक्सीजन लगाकर पंप मारते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया।इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा कर तोड़फोड़ की। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हॉस्पिटल में महिला की डिलीवरी के ऑपरेशन के दौरान मौत हुई। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के साड़ी तिराहा का हैं। सरिता मौर्या के देवर मनेसर मौर्या ने बताया कि भाभी को डिलीवरी के लिए सुबह महराजगंज से सिद्धार्थनगर अस्पताल लाया गया था। 11 बजे तक सब कुछ ठीक था। डिलीवरी के लिए ऑपरेशन के दौरान भाभी की मौत हो गई। लेकिन मौत छिपाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने महिला को दवा देने के बहाने देर तक वहीं रोके रखा। बाद में उसे ऑक्सीजन लगाकर गोरखपुर रेफर किया गया। जबकि मौत अस्पताल में ही हो चुकी थी। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और मौत छिपाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी। घटना के समय अस्पताल परिसर में भारी तनाव फैल गया। परिजनों ने तोड़फोड़ की, जिसके बाद पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने स्थिति पर नियंत्रण पा लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ट्रेडिंग आईपीएस सीओ सदर विश्वजीत सौरयान ने अस्पताल के मरीजों को खुद स्ट्रक्चर पर लादकर एम्बुलेंस पर शिफ्ट कराया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज शिफ्ट कराकर बंद कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, सीओ विश्वजीत सौरयान व सदर एसडीएम ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण करते हुए।

# सर्वपितृ अमावस्या पर यमुना के तट पर हुआ पितरों का तर्पण



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव।** सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर खड़ेरा घाट स्थित यमुना जी के तट पर तर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आचार्य मनीष गगार्चार्य द्वारा तर्पण कार्यक्रम कराया गया। इस अवसर पर सभी ने विधि-विधान से पितरों का तर्पण किया। आचार्य मनीष गगार्चार्य ने बताया कि तर्पण का अर्थ है जल, दूध, तिल और अन्य सामग्री के माध्यम से पितरों को तृप्त करना। इससे उनकी आत्मा को शांति मिलती है और उनके आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर सुजीत वर्मा,ललित गगार्चार्य,देव अग्रवाल,बसंत बंसल, शिवा उपाध्याय,रवेंद्र सिंह,योगेश भरंगर,विष्णु पांडेय, डा.मन मोहन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गीता शोध संस्थान के प्रशिक्षुओं का पहली बार सांझी पर नौटंकी मंचन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जीएलए विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रसखान समाधि परिसर पर चल रहे सांझी महोत्सव-2025 के चतुर्थ दिवस पर भव्य सांझी नौटंकी का मंचन किया गया।

यह ऐतिहासिक मंचन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन की प्रशिक्षु बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। नौटंकी की परिकल्पना एवं लेखन परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने किया, जबकि गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने निर्देशन का दायित्व संभाला। संयोजन गीता शोध संस्थान के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया।

मंचन में सुमिति भारद्वाज, चांदनी, समीक्षा, तनिष्का, वैष्णवी, वैभवी, दीक्षा, रोशनी, आकांक्षा, मोनिका, निर्जला और डोली ने मनोहारी अभिनय से दर्शकों का हृदय जीत लिया। संगीत संयोजन में मनमोहन कौशिक, सुनील शर्मा, सुनील पाठक और आकाश शर्मा ने सहयोग दिया। वस्त्र विन्यास रितु सिंह द्वारा और नगाड़े पर अकील अहमद द्वारा किया गया। नौटंकी गुरु होती लाल पांडेय रहे। इस मंचन का शुभारंभ ग्वालियर के जिला जज ललित मोहन गर्ग ने किया, जो विशेष रूप से सांझी महोत्सव का आनंद लेने रसखान समाधि पर पधारे थे। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि सांस्कृतिक जगत में यह पहली बार है कि सांझी कला पर आधारित कोई नौटंकी लिखी और मंचित की गई।

कार्यक्रम में गुजरात सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने सांझी निर्माण कर रहे चित्रकारों से भेंट की और ब्रज की सांझी परंपरा में गहरी रुचि दिखाई।

# गुरु गोरक्षनाथ के सेवकों ने धर्म पुरी में भगवान शिव व महाकाली का जोरदार स्वागत किया



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात बड़ी ही धूमधाम के साथ भैंसाली मैदान मेरठ कैंट से आरंभ हुई।

नंदी बैल पर भगवान भोलेनाथ को विराजमान कर क्षेत्र भर में भ्रमण किया यात्रा में छ बैंड राय की शहनाई ताशे समेत 26 झांकियां शामिल रही। इसमें मुख्य रूप से ऑपरेशन सिंदूर, अघोरी, महाकाल, काली का अखाड़ा, शिवलिंग, नरसिंह भगवान पंचमुखी महादेव व अन्य झांकियां रही। लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया दाल मंडी व तेली मोहल्ले से होती हुई, सदर धर्मपुरी पर पहुंची जहां महाकाली व भगवान भोलेनाथ का स्वागत गुरु गोरक्षनाथ के सेवको द्वारा आरती कर फूलों की वर्षा से किया। और भक्तो ने हर हर महादेव के जयकारे भी लगाए। स्वागत कर्ता गुरु सेवक गौरव नाथ, अभिषेक गीता देवी, करन, काजल, सुनीता, पं सुमित कुमार, अतुल गर्ग, अभिषेक, मौजूद रहे।

# देश के सभी राज्यों मै ड्रिपबॉल खेल होगा लोकप्रिय

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** रविवार को ब्रजस्थली रियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण मै राष्ट्रीय ड्रिपबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मै भारत के 9 राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली, गोवा, केरल, तमिलनाडु, व उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। शिविर मै ड्रिपबॉल खेल के बारे मै जानकारी दी गयी साथ ही स्कूल के खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शनी ड्रिपबॉल मैच खेला गया। इस मौके पर आल इंडिया ड्रिपबॉल एसोसिएशन एवं रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द चित्तौड़िया ने कहा शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय प्रशिक्षक आज बनाये गए है. जो भारत के सभी राज्यों मै जाकर ड्रिपबॉल खेल के बारे मै प्रचार प्रसार कर खेल को लोकप्रिय करेंगे। शिविर मै आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन स्थल पर भी चर्चा हुयी जिसकी जिम्मेदारी महाराष्ट्र राज्य को दी गयी। इस आयोजन मै ड्रिपबाल खेल के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, महाराष्ट्र व पश्चिमी भारत प्रभारी मानसिंह, सुभाष, उ प्र से अनुपम व जमील, कीर्ति, सुदेश, गोवा से अन्थोनी, आदित्य, केरल से मनोज, सुमित, बंगाल से रोहित, दिल्ली से मुनेश, तेलंगाना से रमेश, व तमिलनाडु से आदिल कार्यक्रम के आयोजन सचिव किशन सिंह रहे।

# जिकड़ी भजनों की तान पर भोर तक जमे रहे श्रोता

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/फरह।** पं० दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में शनिवार रात्रि 10 बजे से शुरू हुई जिकड़ी भजन प्रतियोगिता रविवार को प्रातः 8:30 तक चली। समापन गायको को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य पंडाल में हुए जिकड़ी भजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पं० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। अलवर के ईसरोती से आए गायक तेज सिंह ने मदन सेन और उनकी पत्नी चंद्रप्रभा से जुड़े भजन प्रस्तुत किए, जबकि लोहकरेरा आगरा से आए मोती राम ने पांडवों का वनवास सुनाया। चिरमोली आगरा के गायक धर्मेंद्र ने द्रोणाचार्य पुत्र अश्वत्थामा के वध की कथा को ढोलक और हारमोनियम के साथ प्रस्तुत किया तो श्रोता झूम उठे। पुरा मालोनी के गायक प्रहलाद सिंह ने द्रौपदी स्वयंवर प्रस्तुत किया, जबकि नगला संजा से आई सुनीता छोकर ने द्रोपदी का गंगा घाट पर राजा दंग से मिलन सामने रखा। गोंडा अलीगढ़ से आए चंद्रवीर ने मदन सेन और चंद्रप्रभा पर भजन प्रस्तुत किया, जबकि ओम प्रकाश पाराशर ने घटोत्कच का युद्ध सुनाकर श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। फोंडर से आई हेमा कुमारी ने जयद्रथ द्वारा द्रोपती का हरण भजन के रूप में प्रस्तुत किया। सूरज की पौ फटने तक चली जिकड़ी भजन में प्रथम पुरस्कार तेज सिंह, धर्मेंद्र और प्रहलाद सिंह को संयुक्त रूप से दिया गया। द्वितीय पुरस्कार चंद्रवीर सिंह, ओम प्रकाश पाराशर और तृतीय पुरस्कार हरीशंकर कपिल गांजौली को मिला।

# मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की शाम बिहड़ा गांव (मिजार्मुराद) निवासी नीरज के तहरीर पर बिहड़ा गांव निवासी सन्दीप, अनिल, सुनील, रवि व अमित के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच–पड़ताल में जुट गई ।मारपीट की घटना बीते गुरुवार की देर शाम की बताई गई ।पीड़ित नीरज ने तहरीर देकर बताया कि बीते गुरुवार की रात बिना किसी कारण के गांव के ही पांच लोग भद्दी–भद्दी गाली–गलौज दे रहे थे जब गाली देने से मना किया तो सभी लाठी–डंडा लेकर मारपीट बुरी तरह घायल कर दिया ।घायल नीरज को पुलिस मेडिकल मुआयना हेतु भेज दी ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज है जांच–पड़ताल किया जा रहा है।

# जगदीश राघव श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुहां।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संगठन की जिला इकाई का विस्तार करते हुए सामलिया निवासी एडवोकेट जगदीश राघव को विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राजावत ने उन्हें विधिवत शपथ दिलाई। इस दौरान राजावत ने जगदीश राघव को संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करने का संकल्प दिलाया।

पदभार ग्रहण करने के बाद जगदीश राघव ने कहा कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और विधि प्रकोष्ठ के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य समाज और संगठन के हित में कानूनी पहलुओं पर काम करना होगा।

करणी सेना के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राजावत ने बताया कि जगदीश राघव जैसे समर्पित कार्यकर्ता के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन लगातार नए सदस्यों को जोड़कर अपने विस्तार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जगदीश राघव की इस नियुक्ति पर स्थानीय समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में भीम सेन राघव, ओमवीर राघव, सत्य प्रकाश राघव, रवि राघव, राधाबल्लभ राघव, अरविंद राघव, लक्ष्मी नारायण राघव, पंकज तोमर और हरिचंद शर्मा सहित कई प्रमुख लोग शामिल हैं।

# राम बारात का प्रमुख आकर्षण बनी रामलला की झांकी युवाओं ने जमकर खेली भगवा होली

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** भगवान श्री राम की भव्य बारात कस्बे में शनिवार की रात्रि में धूमधाम से निकाली गई। राम बारात देखने अपार जनसमूह उमड़ा। नगर वासियों ने जगह-जगह भगवान श्री राम की आरती उतार कर बारात का स्वागत सत्कार किया। अनेक स्थानों पर जलपान कराया गया। अयोध्या मंदिर परिसर में स्थित रामलला की झांकी और अष्टभुजा धारी देवी दुर्गा की मनोहारी झांकियां जन जन के आकर्षण का केंद्र बनीं रहीं।

श्री राम लीला अभिनय मंडल के तत्वावधान में राम बारात का शुभारंभ प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर स्थित रामलीला स्टेज से ग्रीस कुमार मैमू,विनोद ज्वैलर्स, संतोष गर्ग वस्त्र विक्रेता, प्रदीप अग्रवाल, मनोज गर्ग, अतुल एडवोकेट, मास्टर शरद कुमार ने पूजा अर्चना के उपरांत स्वरुपों की आरती उतार कर किया। राम बारात का विशेष आकर्षण हापुड़ से पधारे निखिल एंड ग्रुप द्वारा सुसज्जित अयोध्या मंदिर परिसर स्थित रामलला का दिव्य स्वरूप और युवाओं की भगवा होली रही। युवाओं ने जमकर भगवा गुलाल उड़ाया और जय श्री राम के जय घोष बुलंद किए। रजनीश एंड पार्टी द्वारा सुसज्जित देवी दुर्गा का अष्टभुजा स्वरूप जन जन का आकर्षण का केंद्र बना रहा। राम बारात की अगुवाई देवी दुर्गा के अष्टभुजा स्वरूप की झांकी ने की। उसके पीछे आकर्षक वेशभूषा से सुसज्जित कस्बे का मशहूर जय हिन्द बैंड भक्ति गीतों की मनोहारी धुन बिखेरता चल रहा था। फूल मालाओं व रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहीं सुसज्जित बग्गियों पर राम लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, महाराज दशरथ, गुरु विश्वामित्र व गुरु वशिष्ठ जी चल रहे थे। सबसे अंत में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या मंदिर परिसर स्थित रामलला की झांकी चल रही थी जिसमें ध्रुव कुमार सिंघल,टीटू सर्राफ, नवीन गोयल दीपक अग्रवाल दीनू सचिन अग्रवाल संजय सिंघल आदि प्रसाद वितरित करते चल रहे थे। राम बारात का नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर, आरती उतार कर स्वागत सत्कार किया और जलपान कराया?। राम बारात देखने अपार भीड़ उमड़ी। राम बारात मंदिर रोड,भावसी रोड, स्टेट हाइवे सब्जी मंडी स्याना रोड़ पवसरा रोड चौराहा स्थित मनोज गोयल के प्रतिष्ठान परपहुंची। जहां स्वागत सत्कार कर जलपान कराया गया। मेन बाजार, स्याना सिकंदरा, मौहल्ला गुलावठी, वाल्मीकि चौक भावसी रोड होते हुए बारात मध्य रात्रि में पुनः रामलीला स्टेज पर पहुंची।

# गरीब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आनंद संस्था ने बाँटे 100 स्कूल बैग



**सनी कुमार केसरवानी, संवाददाता प्रयागराज**

**प्रयागराज।** समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए आनंद संस्था ने 100 गरीब और मासूम बच्चों को स्कूल बैग दान किए। इस पुनीत कार्य में मुथूट फाइनेंस कंपनी ने सहयोगी स्पॉन्सर की भूमिका निभाई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें पढ़ाई में सुविधा प्रदान करना है। नए बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

आनंद संस्था और मुथूट फाइनेंस का यह प्रयास न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने वाला है बल्कि इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। समाज में उम्मीद जताई जा रही है कि इस तरह की पहल से और भी जरूरतमंद बच्चों को लाभ मिलेगा।

# सीडीओ ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**दिनांक 21 सितम्बर 2025 प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को सायंकाल विकास भवन सभागार में आगामी माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, समस्त अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, यूनीसेफ के जनपद स्तरीय प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में पूर्व के फीडबैक पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में 05 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। समस्त विभागों के अधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को उनके कार्य और उत्तरदायित्व के बारे में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर इसे अति महत्वपूर्ण मानते हुए गंभीरता से लिया जाए जिससे समस्त जनपद में संचारी रोगों की गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित हो सकें और जिले की रैंकिंग प्रदेश स्तर पर सुधर सके। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समन्वय पर जोर देते हुए सीडीओ ने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और डायरिया जैसे रोगों से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की जानकारी अधीनस्थों को देने और खंड विकास स्तर पर माइक्रोप्लान बनाने का निर्देश भी दिया। नगर पालिका और पंचायत अधिकारियों को सफाई, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग और एंटीलार्वा छिड़काव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से अभियान की पूरी तैयारी करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज, शिक्षा और पशुपालन जैसे सभी संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जिम्मेदारी से काम करने को कहा ताकि अभियान सफल हो सके। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेएसवी ईवनिंग क्लब ने किया गरबा डांस का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।** बड़ौत नगर के शगुन फार्म हाउस में नवरात्रों के उपलक्ष्य में जेएसवी ईवनिंग क्लब ऑफ डांस, गली नम्बर तीन, भगवान महावीर मार्ग द्वारा एक भव्य गरबा डांस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गरबा डांस में 40 से भी अधिक महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य आयोजनकर्ता जेएसवी किड्स एकेडमी की प्रिंसिपल मीता अरोड़ा ने बताया कि गरबा और डांडिया नवरात्रि के समय समाज में एकता और प्रेम का संदेश फैलाते हैं। भारत में हर प्रदेश में गरबा खेलने की परंपरा है। ये नृत्य समाज को एक साथ लाते हैं, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। जेएसवी किड्स एकेडमी के कॉर्डिनेटर हर्षित अरोड़ा ने बताया कि गरबा और डांडिया न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह एक बेहतरीन शारीरिक व्यायाम भी है। इसके साथ-साथ, यह मानसिक शांति और सुकून भी प्रदान करता है, क्योंकि यह नृत्य मां दुर्गा की उपासना और उनके प्रति समर्पण का एक माध्यम है। प्रमुख समाजसेवी अनिल अरोड़ा ने बताया कि नवरात्रि का त्योहार गरबा और डांडिया के बिना अधूरा है। यह सिर्फ एक सांस्कृतिक नृत्य नहीं, बल्कि यह नृत्य देवी दुर्गा की आराधना, जीवन के चक्र का प्रतीक और सामाजिक एकता का माध्यम है। गरबा और डांडिया इस पर्व को खास बनाते हैं। इस अवसर पर डांस टीचर लक्की चौहान व कशिश, इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति जी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, आलोक शर्मा, वंदना गुप्ता, विकास गुप्ता, बबीता खोखर, सचिन खोखर, रेनू गुप्ता उर्फ डोली गुप्ता आदि।

# डायल -112 पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा गैस सिलेन्डर में लगी आग बुझायी बड़ा हादसा होने से टला



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर रविवार को थाना नरौरा क्षेत्रान्तर्गत पीआरवी-2137 पर ग्राम नवीपुर खेड़िया में एक घर में गैस सिलेन्डर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर पीआरवी-2137 पर तैनात का0 पवन कुमार व हो0गा0 हरीश कुमार द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर गैस सिलेन्डर में लगी आग को अग्निशामक यंत्र द्वारा बुझाया गया जिसमें किसी भी जान-माल की हानि नही हुई। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बडी दुर्घटना होने से बचायी गयी। पीडित के परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# सरियों के नीचे दबने से युवक की मौत

जहांगीराबाद। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। गांव सलगवां मोड पर सरियों से भरी ट्राली पलट गई इस हादसे में ट्रॉली पर सवार सतवीर की मौत हो गई। बता दें कि एक ट्राली सरियों से लदकर आ रही थी जिस पर सतवीर उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी दुलखरा का रहने वाला बैठा हुआ था। सलगामा के पास आते ही अचानक ट्राली पलट गई जिससे सरियों से भरी ट्राली के ऊपर बैठकर आ रहा सतवीर ट्राली पलटने से सरियों के नीचे दब गया। आनंद फानन में सतवीर को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सतवीर को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भागवत कथा आयोजन, डॉ० संदीप की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति के तत्वावधान में 21 सितम्बर को झाँसी के जिला अस्पताल में श्रीमद् भागवत कथा का अनुपम आयोजन किया गया। इस शुभ प्रसंग का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को समर्पित था। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक, समिति के पदाधिकारी, महिला मंडल तथा भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कथा के प्रथम दिवस पर प्रातः 11 बजे विशाल कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे। भव्य कलश यात्रा के शुभारंभ के साथ ही वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा भर गया। कथा आयोजक अवदेश कुमारी और अतुल कुमार की देखरेख में समाज को धार्मिक एकता और भारतीय संस्कारों से परिचित कराने के लिए प्रतिबद्धता नजर आई। आयोजन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और सहयोगी मंडलों के योगदान को समिति ने सराहा। भगवान श्रीकृष्ण-राधा की झांकी ने श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक जागृत किया। समारोह में शिक्षा, अध्यात्म, सेवा और सांस्कृतिक जागरूकता की प्रेरणा दी गई, जिससे नगर में धार्मिक और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत हुआ। कलश यात्रा समापन पश्चात दोपहर 3:00 से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई जिसमें कथावाचक के रूप में देवी गौरंगी और विशाखा भारद्वाज उपस्थित रहीं कथा के माध्यम से लोंगों ने धर्म, संस्कार और मानवता का महत्व समझा और प्रधानमंत्री की दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, दीक्षा साहू, मुस्कान विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विशाल कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर** जनपद की निकटवर्ती सीमा पर बसे गांव मोहम्मदपुर बढ़ेरा जनपद अलीगढ़ की अतरौली तहसील क्षेत्र में विशाल कबड्डी टूनार्मेंट को फाइनल मैच जीतने के लिए दूर-दूर से आई टीमों ने अपना जोर-तोड़ के साथ कबड्डी टूनार्मेंट में भाग लिया और इसी बीच काफी वक्त बीतने के बाद प्रथम श्रेणी में अलीगढ़ टीम को विजय घोषित किया।

जिसमें फाइनल के लिए अलीगढ़ प्रथम टीम के लिए ?11000 हजार जिसमें अतरौली जरगवां मोहम्मदपुर बढ़ेरा में कमेटी के अध्यक्ष डॉङ्क कैलाश चंद्र लोधी व समस्त कमेटी द्वारा अलीगढ़ टीम के समस्त खिलाड़ियों के लिए अध्यक्ष व बुजुर्गों द्वारा शील्ड व गोल्ड मेडल देकर अलीगढ़ टीम के लिए सम्मान सहित हरी झंडी दिखाकर विजय घोषित किया तथा ग्राम खुदानी द्वितीय टीम के लिए ?5100 सौ का इनाम धारण कर खुदानी द्वितीय टीम के लिए टीम अध्यक्ष और बुजुर्गों द्वारा आशीर्वाद आदान-प्रदान कर खिलाड़ियों को खुशियों के साथ आगे की जीत के लिए उनका हौसला बढ़ाते हुए, विजय घोषित टीमों को शाम 7:00 बजे खुशी-खुशी विदा किया गयो

जिसमें टीम के निम्न कार्यकर्ता मास्टर कैलाश वर्मा कमेटी अध्यक्ष रवि वर्मा कमेटी सहयोगी साहब सिंह कमेटी सहयोगी ओमपाल सिंह राघव कमेटी सहयोगी, नॉटी ठाकुर, जीतू वर्मा, राहुल कुमार वर्मा, अशोक वर्मा, रूपेंद्र सिंह कमेटी सहयोगी, तथा अतरौली (जामुना) से भूपेंद्र सिंह पत्रकार व समस्त क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में जरगवां (मोहम्मदपुर बढ़ेरा) में विशाल कबड्डी टूनार्मेंट को समापन कर विराम दिया।

# मोबाइल फोन हैक कर की रूपयों की मांग

**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक युवक का मोबाइल फोन हैकर ने हैक कर परिचित लोगों से रूपयों की मांग की गई पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी महताब पुत्र अय्यूब ने बताया कि किसी अज्ञात ठग ने उसके मोबाइल को हैक कर लिया है। अब हैकर के द्वारा उसके परिचित लोगों से पीड़ित का नाम लेकर रूपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित के एक परिचय ने फोन कर पीड़ित को फोन हैक होने की जानकारी दी। पीड़ित ने आनन–फानन में थाने पहुंचकर तहरीर देकर हैकर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए ठग की तलाश शुरू कर दी है।

# दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर थाना परिसर में हुआ बैठक

वेलकम इंडिया। संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना परिसर में शनिवार को मिजार्मुराद थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ दुर्गा पूजा, रामलीला व दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।

थाना प्रभारी ने कहां की त्योहारों को मनाने की गौरवशाली परंपरा रही है और इसे इस वर्ष भी आपसी भाईचारे एवं धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाया जाना चाहिए। उन्होंने बोला कि पंडालों के आसपास विद्युत तार नही रहना चाहिए।उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई अवांक्षित तत्व दुर्गा पांडालों में आयें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे अवांक्षित तत्वों से निपटा जा सके और सभी की सुरक्षा और रक्षा का दायित्व है। दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजक द्वारा सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाया जाए।मूर्ति विसर्जन के दौरान आने-जाने वाले रास्ते पर अगर विवाद है तो समय से जरूर बता दे जिससे समय रहते उसको सुधार जाएं।शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई किया किया जाएगा।इस अवसर पर कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल, खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, प्रेम कुमार, सत्यप्रकाश यादव, दिवान गोविंद निषाद, दिनेश यादव, प्रधान विजय कुमार गुप्ता, सुरेश तिवारी, अशोक मिश्रा, मनोज बिन्द, राजन सोनकर, दशरथ कन्नौजिया, उमेश मिश्रा, विश्वास केशरी, शम्भू नाथ, रविन्द्र यादव, सचिन पटेल, राजू विश्वकर्मा, अमित, शनि बिन्द, चंदन, विनोद, जयदीप, राम विनोद, राजेन्द्र पटेल, महेन्द्र प्रताप आनंद कुमार समेत क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# माँ दुर्गा की साधना से मिलेगा जीवन में शक्ति और समृद्धि : ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी

वेलकम इंडिया



नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना और आत्मबल को जागृत करने का अद्भुत अवसर है। ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने कहा कि इस पावन अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना से साधक को जीवन में सफलता, सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि इस बार की नवरात्रि विशेष फलदायी है। जो भी साधक श्रद्धा और भक्ति से देवी माँ की पूजा करेगा, उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नई संभावनाएँ खुलेंगी। परिवार में शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए माँ दुर्गा का ध्यान व दुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभफलदायी रहेगा। ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने लोगों से अपील की कि नवरात्र के दिनों में संयम, सत्य और भक्ति को अपनाकर माँ दुर्गा के चरणों में ध्यान लगाएँ और देश-समाज की समृद्धि व कल्याण की प्रार्थना करें।

# हर्ष उल्लास के साथ कस्बा पहासू में निकाली गई राम बारात



वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर/पहासू** कस्बा में रविवार को धूमधाम से राम बारात निकली। झांकियां और बैंड बाजों की धुनों से पूरा माहौल राम मय हो गया। भाजपा नेता शांति स्वरूप शर्मा ने नारियल फोड़कर राम बारात का शुभारंभ किया। राम बारात काली हवेली, मुकर्रम इंटर कॉलेज, मैन चौराहा तथा मुख्य बाजार होती हुई वापस शिव मंदिर जाकर संपन्न हुई। जगह जगह मार्ग में लोगों ने पुष्प वर्षा कर राम बारात का स्वागत किया तथा जय श्री राम के नारे लगाए।पंचमुखी हनुमान, शिव पार्वती, दुर्गा माता, साईं बाबा वीर बजरंगबली, शिव बारात राधा कृष्ण की झांकियां लोगों का मन मोह रही थी। बैंड बाजों की धार्मिक धुनों पर लोग थिरक रहे थे ।शिव बारात में शामिल लोगों ने तांडव नृत्य दिखाकर आश्चर्य चकित कर दिया।

# वृन्दावन में संस्कृति, अध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर हो रहा है सीआईपीकॉन 2025 सम्मेलन

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)




**वृन्दाव।** छटीकरा रोड़ स्थित होटल रेडिशन में सीआईपीकॉन 2025 सम्मेलन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ चल रहा है। जिसका मुख्य विषय है – संस्कृति, अध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस प्रयास के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सविता मल्होत्रा, अध्यक्ष, इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी (कढर) ने समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक शोध और पारंपरिक मूल्यों के संतुलन पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के मनोचिकित्सक प्रोफेसर डॉक्टर राजेश सागर, प्रोफेसर डॉ. सुषमा सागर, प्रोफेसर डॉ. निमेश जी. देसाई, डॉक्टर जे.पी.नारायण और डॉक्टर रंजीत चौधरी आदि को ठाकुर बांके बिहारी महाराज का चित्र पट, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि भेट कर उनका सम्मान किया। आयोजन समिति का नेतृत्व आयोजन अध्यक्ष डॉ. जे. पी. नारायण और आयोजन सचिव डॉ. रंजीत चौधरी ने किया। इनके साथ डॉ. अमरप्रीत, डॉ. श्वेता चौहान, और डॉ. मनीष बोरेसी सहित पूरी टीम के अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. रंजीत चौधरी ने कहा, सीआईपीकॉन 2025 का वृंदावन में आयोजन हमारे लिए एक सपना था, जो आज साकार हुआ है। हमारा उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। देशभर से आए प्रतिष्ठित मनोचिकित्सकों और विशेषज्ञों के साथ यह मंच मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई दिशा और नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।₹ उद्घाटन समारोह में देशभर से आए प्रतिष्ठित मनोचिकित्सकों, वक्ताओं और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह आयोजन वृंदावन के लिए एक ऐतिहासिक क्षण सिद्ध हुआ, जो आने वाले वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर डॉ. टी.एस.एस. राव, सीपीएस अध्यक्ष डॉ. सौरभ टंडन, डॉ. रूमा भट्टाचार्य, डॉ. गणेश शंकर, डॉ. श्वेता चौहान, और डॉ. मनीष बोरेसी, डॉ. आदर्श त्रिपाठी, गोपाल शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष और सार्थक बना दिया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने 29वें विश्व आध्यात्मिक

वेलकम इंडिया








**नई दिल्ली:** विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में 13 से 20 सितंबर, 2025 तक 29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। 20 सितंबर को सम्मेलन के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री माननीय श्रीमती रेखा गुप्ता जी मौजूद थीं। इसके अलावा लोकसभा सांसद श्री मनोज तिवारी जी, भाजपा विधायक श्री अशोक गोयल जी और अन्य कई प्रसिद्ध धर्मगुरु और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

सम्मेलन की शुरूआत में 13 सितंबर को मानव-कल्याण के लिए 65वें रक्तदान शिविर आयोजन कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इसके अलावा 14 सितंबर को 41वां निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर आयोजन भी कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को दृश्टि का वरदान प्राप्त हुआ। यह सम्मेलन संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया, जिसे पूरे विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। अपने विश्व-कल्याणकारी संदेश में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सम्मेलन के समापन सत्र आए एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान-अभ्यास के द्वारा इंसान के अंदर बदलाव लाया जा सकता है, जिसकी आज के समय में बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा कि, ह्ल29वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन हमारे सामने आत्म-साक्षात्कार का मार्ग खोल रहा है। प्रत्येक धर्म के दो पहलू होते हैं, एक बाहरी और दूसरी अंदरुनी। सभी धर्मों के बाहरी पहलू अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका अंदरुनी पहलू हमें एक ही लक्ष्य की ओर ले जाता है और वह है पिता-परमेश्वर से मिलाप। यह पहलू हमें ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु को अपने भीतर खोजने की ओर जोर देता है।

जिस प्रकार एक बाहरी गुरु सांसारिक ज्ञान प्रदान करता है, ठीक उसी प्रकार एक पूर्ण संत-सत्गुरु हमें आंतरिक ज्ञान प्रदान करते हैं। वे हमारी आत्मा और परमात्मा के बीच एक मध्यस्थ बनकर हमें आत्मिक रूप में जानने और पिता-परमेश्वर को अपने अंदर ही अनुभव करने में हमारी मदद करते हैं। वे हमें प्रभु के दिव्य-प्रकाश से जोड़ने में हमारी सहायता करते हैं, जिससे कि हमें जीवन के सच्चे उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलती है।

सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री माननीय श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अध्यात्म का मार्गदर्शक बताया और लाखों लोगों को आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ह्लएक सच्चे मार्गदर्शक के जन्मदिन के पावन अवसर पर यहाँ उपस्थित होना मेरा सौभाग्य है।ह्व उन्होंने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, ह्लउनका जीवन अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत मिश्रण है। एक वैज्ञानिक के रूप में सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने मानवता की सेवा करना चुना और सभी को आध्यात्मिकता के मार्ग पर अग्रसर करते हुए आज पूरे विश्व में आंतरिक शांति और निस्वार्थ सेवा का संदेश फैला रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद लिया और कहा कि, ह्लऐसे महान संतों की पावन उपस्थिति में ही सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर दिल्ली के मॉडल टाउन क्षेत्र के विधायक श्री अशोक गोयल जी ने मानवता को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की प्रशंसा की और मानव एकता के लिए उनके अपार योगदान की सराहना की।

## अफकार इंडिया फाउंडेशन ने दिया युवाओं के साथ शांति का संदेश



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी विश्व शांति दिवस के अवसर पर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने युवाओं के साथ मिलकर शांति का संदेश दिया। संस्था ने कस्बे के यूनिक इंटर कॉलेज में निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामली, कांधला, कैराना, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना तथा बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें 73 बच्चों ने वाद-विवाद में और 97 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। अफकार इंडिया फाउंडेशन के निदेशक अकरम अख्तर ने युवाओं को शांति और सद्भावना की राह पर आगे बढने का संदेश देते हुए विश्व शांति दिवस के बारे में जानकारी दी। विजेता छात्र छात्राओं को नगद पुरस्कार और किताबें सहित उपहार भेंट किए गए। इस दौरान राहुल कुमार, आबिद मजीदी, रूपक कुमार, बिलाल अहमद, यासमीन, बिलाल चौधरी, आयशा, शकील, फिरदौस, गौतम भारती, सानिया, सहित आदि मौजूद रहे।

## किडजी मोदीनगर के नन्हें विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन का शैक्षिक भ्रमण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** किडजी मोदीनगर के विद्यार्थियों ने एक ऐतिहासिक और यादगार अनुभव प्राप्त करते हुए देश के सर्वोच्च संस्थान राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों ने न केवल राष्ट्रपति भवन की भव्यता और वास्तुकला का अवलोकन किया, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति के बारे में भी गहन जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन का समृद्ध इतिहास बताया गया। उन्होंने भव्य दरबार हॉल सहित कई ऐतिहासिक कक्षों का अवलोकन किया, जहाँ देश के महत्वपूर्ण कार्यक्रम और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होते हैं। बच्चों ने राष्ट्रपति भवन की सुंदरता और विशालता को देखकर अत्यंत उत्साह और गर्व व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनमोल बंसल ने इस अवसर पर कहा, ह्लयह हमारे लिए गर्व का विषय है कि किडजी मोदीनगर के विद्यार्थियों को भारत की इस ऐतिहासिक धरोहर को देखने का अवसर मिला। ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों को भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक परंपराओं से जोड़ते हैं। इससे न केवल उनका सामान्य ज्ञान बढ़ता है, बल्कि उनमें देशभक्ति और गर्व की भावना भी जागृत होती है। किडजी मोदीनगर अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।ह्व इस भ्रमण में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तारिका मट्टा सहित शिक्षिकाएँ रीता वर्मा, स्नेहा, अंतीमा, गीता मेहरा, भावना , स्वाति और राशि भी विद्यार्थियों के साथ रहीं और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के जीवन का एक अविस्मरणीय अध्याय बन गई, जो उन्हें भविष्य में देश की विरासत और संस्कृति को और गहराई से समझने के लिए प्रेरित करेगी।

## महाराजा अग्रसेन जी जयंती पर 22 सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर के तत्वाधान में अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में 22 सितम्बर को श्री महाराजा अग्रसेन जी के 5159 वी जयंती के पावन अवसर पर जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कादराबाद स्थित एएक्सएन रिजॉर्ट 'पर शाम 7 बजे किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एक प्रेस वार्ता में अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता व चेयरमेन, अमित गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि गणों में अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन के संरक्षक अध्यक्ष विनय अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक सच्चिदानंद, वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल, गाजियाबाद वरिष्ठ समाजसेवी सपा नेता अभिषेक गर्ग, डॉक्टर अनिल गर्ग, मूलचंद गर्ग, विकास अग्रवाल, महामंत्री उत्तर प्रदेश भाजपा सौरभ जयसवाल, मंत्री प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी विनोद कुमार माहेश्वरी, पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप कंसल, पूर्व अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती पूनम गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन, सतीश अग्रवाल संतोष ठेकेदार साथियों सहित उपस्थित रहेंगे। स्वागत करता के रूप में अंतराष्ट्रीय वैश्य संगठन के संरक्षक राकेश गोयल चेयरमेन, अमित गोयल महामंत्री अमितेश जैन कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता चेतन माहेश्वरी, सुरेश सिंघल सभी स्वागत में उपस्थित रहेंगे।

## लोक जनशक्ति पार्टी एवं सेंटर फॉर साइट आई अस्पताल के सहयोग से निशुल्क आई कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया






**(संतोष कुमार सिंह) वाराणसी :-** लोक जनशक्ति पार्टी एवं सेंटर फॉर साइट आई अस्पताल के सहयोग से महमूरगंज में 21 सितम्बर 2025 रविवार कों निशुल्क आई कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर में लोगों की आंखों की पूरी जांच की गई शिविर नें जाँच कर रहे डाक्टर के द्वारा बताया गया की सामान्य नेत्र जांच के साथ-साथ टेढ़ी आंखें, भेंगापन, शुगर, बीपी से संबंधित आंखों की समस्या या अन्य कारणों से कमजोर हुई आंखों का इलाज होगा और आवश्यकता पड़ने पर आगे के इलाज की सुविधा भी दी जाएगी कैंप में डॉक्टर बृजेश तिवारी और डॉक्टर श्रद्धा पांडेय जो आंखों के इलाज के विशेषज्ञ हैं उन्होंने हर तरह की आंखों के रोगों की जांच की लोक जनशक्ति पार्टी की मंडल अध्यक्ष शारदा त्रिवेदी ने मिडिया कों बताया की इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज के हर वर्ग के लोगों कों जिनका समय पर इलाज नहीं मिल पाता है साथ ही वह लोग जो महंगे उपचार का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं उन सभी लोगों कों हॉस्पिटल में आयोजित कैंप में उचित इलाज का लाभ दिया गयो आंखें हमारे जीवन का सबसे अनमोल उपहार है यदि आंखें स्वस्थ रहेंगे तो जीवन का हर रंग हर दृश्य देखने योग्य होगा परंतु यदि आंखों में रोग हो जाए तो उसका सही समय पर इलाज ना मिले तो जीवन अंधकारमय हो सकता है इसलिए समाज के हित के लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए यह शिविर लगाया गया है लोक जनशक्ति पार्टी की मंडल अध्यक्ष शारदा त्रिवेदी ने सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल के डॉक्टर डॉ बृजेश तिवारी और डॉक्टर श्रद्धा पांडे एवं सिद्धार्थ के साथ पूरे टीम का हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि जिन्होंने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए लोक जनशक्ति पार्टी के साथ मिलकर कैम्प को लगाया है यह सेवा समाज के हर वर्ग के लोगों तक पहुंच जाऐ निशुल्क आई कैंप में मुख्य रूप से लोक जनशक्ति पार्टी की डाक्टर प्रिति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष, सीमा सिंह प्रधान महासचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश, शारदा त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश, सीमा सिंह मीडिया प्रभारी, आरती राय जिलाध्यक्ष, काजल चंदानी वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष, सोनी जायसवाल प्रदेश सचिव, डाक्टर शशि प्रदेश सचिव, शशिकला मिश्रा महानगर, डाक्टर वृजेश तिवारी, डाक्टर श्रद्धा पाण्डे, सिद्धार्थ पाण्डे संयोजक सेंन्टर फार साइट आई हॉस्पिटल सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## मन्दिर केवल पूजा के स्थान नहीं ये समाज की जागृति के भी केंद्र हैं- अरविंद ओझा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में आज हमुमन जी के जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा श्री हमारे मन्दिर केवल पूजा करने का स्थान नही हैं हमारे मन्दिर समाज समाज सेवा व समाज की जाग्रति के केन्द्र बनने चाहिए हनुमान जी के मंदिर के साथ अगर अखाडा नही है तो मंदिर अभी अधुरा है कथा व्यास ओझा जी ने कहा कि हम गृहस्थ लोगो की जिम्मेदारी है की गुरु और पुरोहित के जीवन यापन की व्यवस्था करे जिससे वो अपने शास्त्र व राष्ट्र को बचाने के लिए युवाओं को संस्कारित कर सके । आज कथा में व्यास पूजन श्री विनोद वैशाली, श्री हरीश ने किया व पूज्य जीवन ऋषि जी मनोकामना धाम, डॉ राज कुमार सांगवान (सांसद बागपत), डॉ मंजू शिवाच (विधायक), विनोद गोस्वामी, कुंज बिहारी वशिष्ठ, मूलचंद गर्ग, प्रदीप बोस, स्वदेश जैन, शालिनी नैय्यर, कृष्ण राज, दौलत राम जांगिड़, अनिल सैन, रविन्द्र कुमार, बाबू राम शर्मा, अनुप्रीत कौर, संदीप सांगवान, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, अजय ग्रोवर, संजय नैयर डॉ शालिनी नैयर, रमेश खुराना, राहुल बाहरी, डॉ गौरव भाटिया, हर्षिता चौधरी, गीता अरोड़ा, डॉ एस सुषमा त्यागी, रोजी आनंद ( पंजाबी और महिला पंजाबी संगठन) ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आइफा मे सीनियरों ने किया फ्रेशर्स का स्वागत





**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर( आइफा ) में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया । इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग , सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छठा बिखेर कर समा बांध दिया । इस कार्यक्रम में सीनियर छात्र–छात्राओं ने नवांतक छात्र–छात्राओं को कलवा व चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उनके स्वागत के लिए स्वयं निर्मित एक भव्य स्टेज भी तैयार की। नवांतक छात्र–छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के अनुसार मंच पर जाकर अपना परिचय देकर सीनियरों का स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ संस्थान की मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात नवांतक छात्राओं को एक–एक करके स्टेज पर बुलाया सभी ने अपना परिचय देकर अपनी अपनी प्रतिभा अनुसार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया । कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल ने मिस्टर फ्रेशर पीयूष भाटी एवं मिस फ्रेशर मेघना बालियान एवं मिस्टर रनरअप हर्षित चौधरी मिस रनरअप वंशिका राजपूत चुनी गई।

## गाजियाबाद विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान हेतु तीन दिवसीय चलेगा कैंप

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विद्युत विभाग की तरफ से उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान हेतु 22 सितंबर 2025 से लेकर 24 सितंबर तक तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अभियंता वितरण प्रथम पवन अग्रवाल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु कैंप पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और अपनी समस्याओं का समाधान कराए । अपभोक्ता अपनी समस्याएं जैसे बिल संशोधन , बिल जमा कराना, स्मार्ट मीटर से संबंधित जैसी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे। महा कैंप का आयोजन स्थल विद्युत नगरीय खंड प्रथम कमला नेहरू नगर , तृतीय नेहरू नगर , पंचम राठी इस्पात , खंड नवम अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद में होगा।




| क्र0सं0 | खण्ड का नाम | आयोजित कैम्प का स्थल |
|---|---|---|
| 1. | विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–प्रथम, गाजियाबाद | 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, कमला नेहरू नगर। |
| 2. | विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, गाजियाबाद | 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नेहरू नगर। |
| 3. | विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–पंचम, गाजियाबाद | 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र राठी इस्पात। |
| 4. | विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–नवम, गाजियाबाद | 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र अकबरपुर बहरामपुर। |

अतः आप सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि महा कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर, अपनी समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही समाधान प्राप्त करें। मुख्य अभियन्ता(वितरण), प0 वि0 वि0 नि0 लि0, गाजियाबाद क्षेत्र–प्रथम, गाजियाबाद उपभोक्ताओं को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

(प्रवन कुमार अग्रवाल)
मुख्य अभियन्ता(वि0)
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0

# विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न !

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोहिया नगर हिंदी भवन विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम की अनुकंपा से ज्योति प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एक्स य ज ने ज्योति प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात मातृ-पितृ उत्कृष्ट सेवा करने वालों को ₹श्रवण कुमार₹ पुरस्कार/उपाधि से 108 महानुभावों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महेश शर्मा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के कर कमलो द्वारा यह उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम देश में पहली बार मातृ-पितृ उत्कर्ष सेवा करने वालों को सम्मानित कर मेरा मन बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा है महेश शर्मा ने बताया कि भारत में ब्राह्मणों ने साहित्य, संस्कृति, धर्म, विज्ञान, राजनीति और स्वतंत्रता आंदोलन में



व्यापक योगदान दिया है, ज्ञान के प्रसार से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक. धार्मिक अनुष्ठानों, वेदों के संरक्षण, समाज सुधार, और स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में उन्होंने भूमिका निभाई है. स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने संविधान लागू करने और देश को सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हालांकि बाद में उनकी स्थिति में बदलाव आए हैं. शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण वर्ण का इतिहास प्राचीन भारत के वैदिक काल से शुरू होता है, जहाँ उन्हें समाज का सर्वोच्च वर्ग माना जाता था, जो ब्रह्म के मुख से उत्पन्न हुए थे. पारंपरिक रूप से, उनका मुख्य कार्य ज्ञान अर्जित करना, वेद पढ़ाना, धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ करवाना था. समय के साथ, ब्राह्मण समुदाय में विभिन्न उपजातियाँ विकसित हुईं, और उन्होंने विज्ञान, साहित्य, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. आधुनिक भारत में, उनके उच्च सामाजिक स्थान और शिक्षा के कारण ब्राह्मणों ने समाज के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, हालांकि जातिगत भेदभाव आज भी एक समस्या है.पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने कहा कि ब्राह्मण की सबसे बड़ी शक्ति उसका ज्ञान और विद्वत्ता है, जो उसे समाज में सम्मान दिलाती है. गाजियाबाद



लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा ब्राह्मण समाज में विद्या का प्रकाश फैलाने, दान देने-लेने, यज्ञ करने-करवाने और आध्यात्मिक शिक्षा देने जैसे कार्य करता है. इसके अतिरिक्त, शांति, आत्म-संयम, पवित्रता, ईमानदारी और धार्मिकता जैसे स्वाभाविक गुण भी ब्राह्मण की शक्ति के महत्वपूर्ण अंग माने जाते हैं, जिनके माध्यम से वह समाज के कल्याण में योगदान देता है. और यह गुण में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान में देखता हूं मैं इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए सभी पदाधिकारी को एवं भी प्रबंधोंको साधुवाद देता हूं इस अवसर पर देवी मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरी, शैलेंद्र गिरी, वरिष्ठ समाज सेवी वीके अग्रवाल,पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली विजय कृष्णा पांडे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय शर्मा विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र शर्मा कार्यक्रम संयोजक नानक चंद शर्मा, उर्फ शालू, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र शर्मा धमार्चार्य प्रमुख बृज किशोर बृजवासी लोकेश कौशिक विनीत शर्मा राकेश शास्त्री आरसी शर्मा मधु शर्मा प्रीति राय चंद्र सीमा भार्गव प्रमोद कुमार शर्मा डॉ सतीश भारद्वाज कपिल पंडित विनीत कुमार शर्मा देवेंद्र शर्मा शिवकुमार शर्मा मनोज शर्मा देवाशीष ओझा संजय कुमार शुक्ला रघुनंदन भारद्वाज ऋषिपाल शर्मा नीरज शर्मा अमित शर्मा अशोक भारतीय राहुल शर्मा सुभाष शर्मा कार्तिक शर्मा अंकित शर्मा सचिन भारतीय सुजीत कुमार एसपी गुप्ता दिनेश गौतम आदि मौजूद थे,



## थमोर्कूल के ब्रांड एम्बेसडर बने बॉलीवुड के नबाब सेफ अली खान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इलैक्ट्रिक एवं इलैक्ट्रॉनिक्स होम एप्लांयसेज की दुनिया में देश के सुप्रसिद्ध ब्रांड थमोर्कूल ने अपने प्रचार के लिए फिल्म जगत के सुपर स्टार सेफ अली खान को साईन किया है। शुक्रवार को मुम्बई में गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों के साथ थमोर्कूल का सैटअप लगाकर सेफ अली खान ने थमोर्कूल के प्रचार ऐड की शूटिंग की गई। इस दौरान थमोर्कूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता एवं उनके बडे.भाई संजीव कुमार गुप्ता के साथ अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता तथा थमोर्कूल के अधिकृत डीलर्स शिवांगु सोनकर, रजत केसरवानी एवं अनुज जैन ने भी सेफ अली खान से मुलाकात की, थमोर्कूल पिछले लगभग दो दशकों से होम एप्लांयसेज का निर्माण कर रहा है। तथा एलईडी स्मार्ट टीवी और वाशिंग मशीन के बाद इस वर्ष से थमोर्कूल के रेफ्रिजरेटर और ऐसी भी मार्केट में आ गयें है। इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने कहा कि क्वालिटी और प्राईज के साथ साथ आज के आधुनिक और भागदौड़ वाले व्यस्त समय में प्रचार प्रसार भी अति आवश्यक है। इसलिए सेफ अली खान को थमोर्कूल का ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने के बाद हमारे ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। और आने वाले समय में थमोर्कूल के उत्पाद हर घर की पहली पसंद होंगे।



## कार चोरी करने वाले गैंग के 2 सदस्य स्वाट व थाना इंदिरापुरम टीम द्वारा दबोचे गये

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** में स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन व थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे चार पहिया वाहनों की चोरी करने वाले अन्तर्राज्जीय गिरोह के 2 शातिर चोरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।जहां मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलती है कि बीती जुलाई में रासा होटल वसुन्धरा के पास से चोरी की गई फोर्चूनर लीजेण्डर को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो चोर बिना नम्बर प्लेट की अलग अलग गाड़ियों से हिण्डन वसुन्धरा सेक्टर 1 से दिल्ली की ओर जाने वाले है।सूचना पर थाना इन्दिरापुरम पुलिस सैक्टर-1 वसुन्धरा टी प्वाइंट पर चेकिंग कर रही थी तभी दो कार आती हुई दिखाई दी पुलिस दोनो कार सवार को रोकने का इशारा किया तो वह दोनों रुके नही ओर दोनो कार



सवार बैरियरों मे टक्कर मारते हुये तेज गति से वसुन्धरा सेक्टर 2 ग्राउण्ड की ओर कच्चे ऊबड़ खाबड़ रास्ते से होकर भागने लगे ।जिनका पीछा किए जाने पर एक वाहन चालक ने पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और आगे रास्ता बंद होने पर गाडी से उतर कर भागने लगे ।अपने आप को घिरता देख फार्च्यूनर से उतर कर भाग रहे चालक ने एक बार फिर पुलिस पर फायर किया।जिसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में फार्च्यूनर सवार राशिद काला के पैर में पुलिस की गोली लग गई। घायल बदमाश को पुलिस हिरासत में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज गया जबकि दुसरे बदमाश मुजाहिद अली को भी पुलिस ने मोंके से दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा सहित चोरी की दो फोर्चूनर लीजेण्डर व एक स्विफ्ट कार बरामद की है ।

## नमो युवा रन केवल खेल नहीं, नशामुक्त भारत की ओर एक सामाजिक आंदोलन हैः सुधांशु त्रिवेदी

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर गाज़ियाबाद की ओर से रविवार को ङ्ह दिल्ली-6 मॉल, राजनगर एक्सटेंशन से भव्य नमो युवा रन मैराथन का आयोजन हुआ। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। 15 हजार से अधिक धावकों ने इसमें भाग लिया।त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हैं।यह दौड़ केवल खेल नहीं बल्कि नशामुक्त भारत की दिशा में सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि ₹जहाँ विदेशी संस्कृतियों में सत्ता के लिए पिता को कैद करने की परंपरा रही, वहीं हमारी संस्कृति





में पितृपक्ष पर पूर्वजों को जल और अन्न अर्पित करने की परंपरा है।सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाज़ियाबाद के युवाओं की यह भागीदारी शहर की पहचान को नई दिशा देती है।कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची ताकत है और नशामुक्त भारत का संकल्प इसी से संभव है।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत और विकसित भारत के विजन को साकार कर रहा है।प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में गाज़ियाबाद का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है।पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के स्वास्थ्य और अनुशासन में ही भारत का उज्ज्वल भविष्य निहित है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि नशामुक्त भारत की इस दौड़ ने हर युवा को समाज सुधार का संदेश दिया है।विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं का यह संकल्प गाज़ियाबाद को पूरे प्रदेश में प्रेरणास्त्रोत बनाएगा। मैराथन राजनगर एक्सटेंशन रिवेरा हाइट चौक से यू-टर्न लेकर अजनारा, चार्म्स कैसल, वीवीआईपी मॉल, पीवीआर मेन रोड होते हुए दिल्ली-6 मॉल पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर 25 स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जलपान से धावकों का उत्साह बढ़ाया गया। पुरस्कार परिणाम बॉयज कैटेगरीः प्रथम किशोर, द्वितीय पंकज, तृतीय कवित चौधरी गर्ल्स कैटेगरीः प्रथम एकता, द्वितीय अलिफसा, तृतीय ऋतिका विजेताओं को सुधांशु त्रिवेदी, सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, मयंक गोयल और रणजीत राय ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए।आयोजन में रणजीत राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, संयोजक अभिषेक पंडित, काजल त्यागी, रॉबिन तोमर, गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, बॉबी त्यागी आदि मौजूद रहे।



## गुरु के आदेश पर प्रभु राम ने किया राक्षसों का वध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** । श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में गुरु विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को राक्षसों से यज्ञ की रक्षा करने हेतु साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। साथ ही ताड़का वध तथा अहिल्या उद्धार का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में चारों भाई शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात वापस अयोध्या लौटते हैं।उसके बाद गुरु विश्वामित्र अयोध्या नरेश दशरथ से दोनों राजकुमारों राम और लक्ष्मण को उनके साथ भेजने का आग्रह करते हैं, क्योंकि मारीच और सुबाहु आदि राक्षस उनके यज्ञ को भंग कर देते थे। राजा दशरथ पहले संकोच करते हैं कि यह सुकोमल राजकुमार राक्षसों का सामना कैसे कर पाएंगे, लेकिन बाद में स्वीकृति दे देते हैं। पिता से आज्ञा लेकर दोनों भाई गुरु विश्वामित्र के आश्रम में आकर यज्ञ की रक्षा करने हेतु राक्षसों से युद्ध करते हैं।यज्ञ की पवित्रता बनाए रखने के लिए युद्ध के दौरान दोनों भाई ताड़का का वध कर देते हैं ।प्रभु राम जब वन से गुजर रहे हैं तब उनके चरणों का स्पर्श पाषाण बनी अहिल्या को प्राप्त होता है तो जीवित हो उठती है।राम उसे अपना आशीर्वाद देकर आगे बढ़ जाते हैं।इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल,राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।



